✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 143 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 19 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

श्रीलंकाई प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने पीएम मोदी से मुलाकात की

संक्षिप्त समाचार

लोजपा(आर) प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन रद्द

सारण(नबिटा ब्यूरो)। छपरा जिले के मढ़ौरा विधानसभा सीट से लोजपा रामविलास की प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन रद्द हो गया है। सीमा सिंह को चिराग पासवान ने चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया था। सीमा सिंह ने एक दिन पहले ही शुक्रवार को नामांकन किया था। सीमा सिंह का नामांकन रद्द होने से एनडीए को बड़ा नुकसान हो गया है। अब इस सीट पर सिर्फ राजद और जन सुराज के बीच मुकाबला है।

कांग्रेस प्रवक्ता आनंद माधव का इस्तीफा

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार में 6 नवंबर को पहले और 11 नवंबर को दूसरे चरण की वोटिंग है। पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 17 अक्टूबर को समाप्त हो चुकी है लेकिन महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। बिहार कांग्रेस का एक धड़ा नाराज है। कांग्रेस प्रवक्ता आनंद माधव और अन्य ने प्रेस वार्ता कर बिहार के कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही आनंद माधव ने अपना इस्तीफा दे दिया है।

पटना एयरपोर्ट से शिवहर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर लापता

पटना(नबिटा ब्यूरो)। पटना एयरपोर्ट से शिवहर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर वेणु चैतन्य लापता हो गए हैं। वे बेंगलुरु में काम करते हैं। दिवाली की छुट्टी में 16 अक्टूबर को वे पटना आये थे। पिता रामस्वरूप राय के अनुसार शाम लगभग 6:34 तक फोन पर बात हुई। इसके बाद उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। उसके बाद से अभी तक संपर्क नहीं हो पाया है। इसके बाद पिता ने 17 अक्टूबर को एयरपोर्ट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई। देर रात पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

पूर्णिया (नबिटा ब्यूरो)। जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत मनसाराम पुल, मंझेली के समीप शुक्रवार देर रात सड़क हादसा हो गया। बेलौरी-सनोली मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर और कार की टक्कर में कार सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने इलाज के दौरान दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान रामपुर घुसकी, वार्ड संख्या 8 निवासी बमबम कुमार (29 वर्ष) और नया टोला हासदा, वार्ड 46 निवासी अरुण कुमार साह के रूप में हुई है। दो अन्य घायल युवकों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जीएमसीएच पूर्णिया में जारी है।

जदयू ने अमौर सीट से बदला प्रत्याशी

पटना(नबिटा ब्यूरो)। पूर्णिया की अमौर विधानसभा सीट से नामांकन से पहले ही जदयू प्रत्याशी सबा जफर का टिकट कट गया है। अब इस सीट से पूर्व सांसद साबिर अली को जेडीयू ने प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले सबा जफर को पार्टी ने सिंबल दिया था। शनिवार को साबिर अली की जेडीयू में घर वापसी हुई और टिकट भी मिल गया है।

वीआइपी के प्रदेश प्रवक्ता समेत कई नेता भाजपा में शामिल

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार चुनाव से पहले वीआईपी चीफ मुकेश सहनी को झटका लगा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और जिला पार्षद राजेश सहनी, बिट्टू पासवान और पूर्व मुखिया राजेश प्रजापति समेत समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता की शपथ दिलाई और उनका स्वागत किया।

बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए मिलेगा सवैतनिक अवकाश

सवेतन अवकाश के कारण कर्मचारियों के वेतन में नहीं की जाएगी कोई कटौती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को बिहार विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों में उपचुनावों के मतदान के दिन सवेतन अवकाश की घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी के अनुसार किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति, जो लोक सभा या किसी राज्य/संघ शासित प्रदेश की विधानसभा के चुनाव में मतदान करने का हकदार है, को मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा। इसमें कहा गया है कि ऐसे सवेतन अवकाश के कारण वेतन में कोई कटौती नहीं की जाएगी। कोई भी नियोक्ता जो इन प्रावधानों का उल्लंघन करता है, उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। सभी दैनिक वेतनभोगी और आकस्मिक कर्मचारी भी मतदान के दिन सवेतन अवकाश के हकदार हैं। इसीआई ने कहा कि मतदाता (आकस्मिक और दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों सहित)

जो अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित औद्योगिक या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में काम कर रहे हैं या कार्यरत हैं लेकिन मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, उन्हें भी मतदान के दिन सवेतन अवकाश का लाभ मिलेगा ताकि वे अपना वोट डाल सकें। निर्वाचन आयोग ने सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को इन प्रावधानों के सख्त अनुपालन के लिए सभी संबंधित पक्षों को आवश्यक निर्देश जारी करने तथा यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि सभी मतदाता स्वतंत्र और सुविधाजनक तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। बिहार में विधानसभा चुनाव 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होंगे। बिहार में 2020 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा और जदयू के नेतृत्व वाले एनडीए ने 125 सीटें हासिल कीं, जबकि राजद और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने 110 सीटें जीतीं, वहीं अन्य दलों ने आठ सीटें जीतीं। राजद 75 विधानसभा सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी रही। भाजपा ने 74 सीटें और जदयू ने 43 सीटें जीतीं। एनडीए ने सत्ता बरकरार रखने का भरोसा जताया है। महागठबंधन सत्तारूढ़ दल को हटाकर सत्ता में वापसी की कोशिश में है। मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर सहित सात राज्यों की आठ सीटों के लिए उपचुनाव 11 नवंबर को होने हैं। मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

बिहार में चार दिनों में 12 रैलियां करेंगे मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में चुनावी सरगर्मी तेज हो चुकी है और इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यभर में 12 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की ये रैलियां अलग-अलग चरणों में आयोजित की जाएंगी। पीएम मोदी इस रैली से भाजपा और एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाएंगे। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी अपनी पहली तीन रैलियां 23 अक्टूबर को करेंगे। इस दिन वे सासाराम, भागलपुर और गया में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इन रैलियों में प्रधानमंत्री केंद्र सरकार की उपलब्धियों, बिहार में विकास योजनाओं और राज्य के लिए केंद्र सरकार क्या-क्या कर रही है, उसको जनता के सामने रखेंगे। इसके बाद 28 अक्टूबर को प्रधानमंत्री की तीन और रैलियां निर्धारित हैं। वे इस दिन पटना, मुजफ्फरपुर और दरभंगा में जनता को संबोधित करेंगे। माना जा रहा है कि इन सभाओं में मोदी रोजगार, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़ी योजनाओं पर बात करेंगे। अगले चरण में 1 नवंबर को

प्रधानमंत्री पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर और छपरा में रैलियां करेंगे। इन इलाकों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में बड़ी संख्या में जनता के जुटने की संभावना है। अंतिम चरण में 3 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी पश्चिमी चंपारण, सहरसा और अररिया में चुनावी सभाएं करेंगे। भाजपा संगठन इन रैलियों की तैयारी में जुट गई है। बिहार बीजेपी के नेताओं का कहना है कि पीएम मोदी पर बिहार की जनता सबसे ज्यादा भरोसा करती है। केंद्र सरकार की योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ गरीब वर्ग के लोगों को मिलता है। ऐसे समय में पीएम मोदी की रैलियां बिहार में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनायेंगे।

सीएम नीतीश 21 अक्टूबर को करेंगे चुनाव प्रचार की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन की तारीख खत्म होते ही अब सभी पार्टियां चुनाव प्रचार में जुट गई है। भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यूनाइटेड समेत सभी बड़ी पार्टियों ने अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट भी जारी कर दी है। भाजपा नेता तो चुनावी मैदान में पार्टी के लिए माहौल बनाने में भी जुट गए है। वहीं अब जानकारी सामने आ रही है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 21 अक्टूबर से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत मुजफ्फरपुर जिले से करेंगे। यहां वह एक ही दिन में दो बड़ी चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दिवाली के अगले दिन मुख्यमंत्री की पहली सभा मीनापुर विधानसभा में होगी। इसके लिए मीनापुर हाई स्कूल के खेल मैदान को स्थल के रूप में चुना गया है। यह सभा

दोपहर 12 बजे शुरू होगी जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री की दूसरी सभा कांटी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की जाएगी। यह सभा दोपहर 2 बजे से होने की संभावना है। बता दें कि मुख्यमंत्री की 21 अक्टूबर की दोनों सभाएं आगामी चुनाव में जदयू के चुनाव प्रचार अभियान की औपचारिक शुरुआत मानी जा रही है। इसके बाद मुख्यमंत्री राज्य के अन्य जिलों में भी चुनावी रैलियों का सिलसिला जारी रखेंगे।

चुनाव से पहले घर से एक करोड़ जब्त

गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस और एजेंसियां अलर्ट है। जिले की थावे विधानसभा के कबिलासपुर गांव से पुलिस ने एक घर से एक करोड़ रुपए जब्त किए हैं। गोपालगंज में गुप्त सूचना के आधार पर थावे थानाध्यक्ष और एफएसटी ने कविलाशपुर गांव निवासी संतोष प्रसाद के घर छापेमारी की। बक्सों में रखे करीब एक करोड़ रुपए नगद बरामद किए गए हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई बैंक पासबुक भी जब्त की है। पुलिस के मुताबिक जांच की जा रही है कि इतनी बड़ी रकम कहां से आई और चुनाव से पहले कहां ले जाई जा रही थी। पुलिस मुख्यालय ने भी इस पूरे मामले की निगरानी शुरू कर दी है। घटना थावे थाना क्षेत्र के कबिलासपुर गांव की है। बता दें कि संतोष प्रसाद गैस रिपेयरिंग का काम करता है। वहीं छोटा बेटा चाय का दुकान चलाता है। फिलहाल पुलिस पूरे परिवार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सोन नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। रोहतास थाना क्षेत्र के बकनौरा गांव में शनिवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ है। सोन नदी में स्नान करने के दौरान दो किशोर गहरे पानी में डूब गए जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और तैराकों ने लगभग तीन घंटे की खोजबीन के बाद दोनों शव को नदी से बाहर निकाला। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों की पहचान बकनौरा निवासी अखिलेश सिंह उर्फ भरत सिंह के पुत्र पियूष कुमार तथा झारखण्ड के पतरिया गांव निवासी सुजीत सिंह के पुत्र के रूप मे की गई है। बताया जाता है कि आयुष अपने नाना पृथ्वी सिंह के घर बकनौरा में रहकर पढ़ाई करता था। दोनों किशोर शनिवार को सोन नदी में स्नान करने गए थे, इसी दौरान गहरे पानी में जाने से दोनों की डूबकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बाइक की डिक्की से 50 लाख कैश जब्त

आरा(नबिटा ब्यूरो)। भोजपुर में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। चेकिंग के दौरान शुक्रवार देर रात नगर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। गांगी चेक पोस्ट पर स्टैटिक सर्विलांस टीम ने बाइक की डिक्की से 50 लाख रुपए कैश बरामद किया है। जानकारी के अनुसार एसएसटी टीम गांगी स्थित चेक पोस्ट पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वाहनों की रूटीन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक को रोककर जांच की गई। जांच में बाइक की डिक्की से भारी मात्रा में कैश मिला। जब रकम की गिनती की गई तो यह करीब 50 लाख रुपए थी। पुलिस ने मौके पर ही बाइक सवार युवक को हिरासत में ले लिया। उसकी पहचान कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड़ी गांव निवासी दीपक कुमार सिंह के तौर पर हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने बताया कि ये पैसा किसी हार्डवेयर कारोबारी का है। रकम की वैधता को लेकर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगा झामुमो

हेमंत सोरेन समेत 20 झामुमो नेता संभालेंगे प्रचार की कमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से ठीक पहले महागठबंधन को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ा झटका दिया है। एक तरफ महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कुछ भी साफ नहीं हो पा रहा है तो दूसरी तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख ने एलान कर दिया है कि बिहार के 6 सीटों पर पार्टी उम्मीदवार उतारेगी। जेएमएम चीफ हेमंत सोरेन ने एलान किया है कि उनकी पार्टी अकेले ही बिहार में 6 विधानसभा सीटों पर कैंडिडेट उतारेगी। इन 6 सीटों में चकाई, धमदाहा, कटोरिया, मनिहारी, पीरपैंती और जमुई सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेंगे। जेएमएम के केंद्रीय महासचिव

और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने घोषणा करते हुए बताया कि धन लक्ष्मी का धनतेरस काल और महादेव का प्रदोष तिथि जैसे शुभ दिन को देखते हुए पार्टी ने 6 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। बिहार के 6 सीटों पर प्रचार की कमान हेमंत सोरेन समेत 20 झामुमो नेता संभालेंगे। इस सूची में कल्पना सोरेन, बंसत सोरेन, स्टीफन मरांडी, मोहम्मद ताजुद्दीन, उदय शंकर सिंह, हेमलाल मुर्मू, दिपक बिरूआ, सुदिव्य कुमार सोनू, हफीजुल अंसारी, सांसद विजय हांसदा, सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद कुमार पांडेय, अभिषेक प्रसाद पिंटू, फागू बेसरा, पंकज मिश्रा और सुनील श्रीवास्तव शामिल हैं। सुप्रियो ने कहा कि झारखंड में झामुमो ने हमेशा राजद को सम्मान दिया। हमने राजद को झारखंड में पूरा सम्मान दिया, लेकिन बिहार में हमें बार-बार इंतजार करने की नसीहतें मिलीं। झामुमो सब कुछ बर्दाश्त कर सकता है लेकिन सम्मान से समझौता नहीं।

सड़क हादसे में दंपति और बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सुपौल। जिले में परसरमा-बिहरा पथ पर शुक्रवार की देर रात दर्दनाक हादसा हुआ। एक कार जिस पर 7 लोग सवार थे, वह अचानक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद एक पुलिया के डिवाइडर से कार टकरा गई। देखते ही देखते कार 20 फीट गहरे पानी में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सहरसा के नगर पंचायत नवहट्टा निवासी इंतेखाब उर्फ मीठे, उनकी पत्नी शाहिदा खातून और चार साल की बेटी सोफिया प्रवीण के रूप में हुई है। इस हादसे में किसी तरह चार बच्चों को सुरक्षित कार से बाहर निकाल लिया गया। बताया जा रहा है कि इंतेखाब आलम अपने परिवार के साथ सुपौल जिले के झोलहनिया में छठी का भोज खाने शुक्रवार की देर शाम पहुंचे थे। वे वहां से वापस सहरसा जा रहे थे तभी सुपौल में ही रास्ते में यह दर्दनाक घटना घटी। घटना के बारे में मृतक के रिश्तेदार समीर ने बताया कि इंतेखाब उर्फ मीठे गाड़ी चला रहे थे। उनकी बेटी सोफिया गाड़ी में ड्राइवर सीट के बगल में बैठी थी। मीठे की पत्नी शाहिदा खातून और तीन बच्चे पीछे वाली सीट पर बैठे थे। परसरमा से बिहरा के बीच में सोफिया को नींद आने लगी। इसी दौरान मीठे आगे बैठी बच्ची को पीछे उठाकर उसकी मां को पकड़ा रहे थे तभी गाड़ी की स्टीयरिंग अचानक तेजी से मुड़ गयी। गाड़ी मुड़ते ही छोटे पुलिया के डिवाइडर से टकराकर नीचे गिर गई। जैसे ही डिवाइडर से टकराकर गाड़ी नीचे गिरी, पीछे वाला डिक्की का गेट खुल गया। किसी तरह चार लोग सुरक्षित बाहर निकल गये। गाड़ी लगभग 20 फीट पानी में गिरी थी, जिस कारण आगे बैठी सोफिया प्रवीण, इंतेखाब उर्फ मीठे और शाहिदा खातून की डूबने से मौत हो गई। समीर ने बताया कि एक ई-रिक्शा वाले को रोककर परिजनों को फोन किया। इसके बाद महज आधे घंटे बाद तीनों शव को गाड़ी से निकलवाया गया।

बिहार में पांच साल में 17 विधायकों ने किया दलबदल, विधानसभा की हुई 146 बैठकें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। चुनावों के दौरान नेताओं का दलबदल आम बात है लेकिन बीच में पार्टी बदलने का चलन भी बिहार में हैं। बिहार विधानसभा के पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल (2020 से 2025) की बात करें तो इस दौरान 17 विधायकों ने पाला बदला है यानी अपनी पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हो गये। इस दौरान विधानसभा में कुल 99 विधेयक पेश किये गये और ये सभी बिल पारित भी हुए। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच की ओर से जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार बिहार में 5 साल में जिन 17 विधायकों ने दलबदल किया है उनमें बीमा भारती, चेतन आनंद, मिश्रीलाल यादव, मो अंजर नयीमी, मो जमां खान, मो इजहार असफी, मुरारी प्रसाद गौतम, नीलम देवी, प्रह्लाद यादव, राज कुमार सिंह, राजू कुमार सिंह, संगीता कुमारी, शाहनवाज, सिद्धार्थ सौरभ, स्वर्ण सिंह एवं सैयद रुकनुद्दीन अहमद शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार में कुल 243 विधायकों में से 17 ने 5 साल के दौरान अपने दल

बदले। वर्ष 2020 से 2025 के दौरान विधानसभा के कुल 15 सत्र हुए, जिनमें 146 बैठकें हुईं। विधानसभा की वेबसाइट से जो आंकड़े प्राप्त हुए हैं, उसके मुताबिक 243 विधायकों ने कुल 22,505 प्रश्न पूछे जिनमें ग्रामीण कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और जल संसाधन से जुड़े विषय सबसे प्रमुख रहे। सबसे अधिक प्रश्न पूछने वालों में भारतीय जनता पार्टी के अरुण शंकर प्रसाद (275 प्रश्न), कांग्रेस के मनोज प्रसाद सिंह (231) और राष्ट्रीय जनता दल के मुकेश कुमार यादव (230) शामिल रहे। पार्टी के आधार पर औसत में भकपा (माले) लिबरेशन के विधायकों ने सर्वाधिक सक्रियता दिखायी। सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) और भाजपा के विधायकों ने भी प्रश्नों की उल्लेखनीय संख्या दर्ज की। 'बिहार इलेक्शन वॉच' के राजीव कुमार ने बताया कि ग्रामीण कार्य, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर सबसे अधिक 3,000 से अधिक प्रश्न पूछे गये, जो जनता की प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं। विधानसभा सत्रों के दौरान 2021 से 2025 के बीच पारित प्रमुख विधेयकों में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस विधेयक 2021, बिहार नियंत्रण अपराध विधेयक 2024, और जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक 2025 शामिल हैं। राजीव कुमार कहते हैं कि बिहार विधानसभा की पारदर्शिता में सुधार हुआ है और सत्रों की नियमितता बनी रही है। उन्होंने कहा कि कई मंत्रियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति का डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराया गया। एडीआर की यह रिपोर्ट बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले जारी हुई है। बिहार में 6 नवंबर और 11 नवंबर को 2 चरणों में वोटिंग होगी। 14 नवंबर को सभी 243 सीटों पर हुई वोटिंग की मतगणना करायी जायेगी।

एससी-एसटी एक्ट मामले में आरोपित को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। लहसुना थाना क्षेत्र के निशियावां गांव में बीते शाम को मामूली विवाद में एक युवक के साथ मारपीट की घटना हुई है। जिसमें पीडित धर्मेंद्र पासवान ने अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण के मामले में तकरीबन दर्जन भर लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। दरअसल बताया जाता है कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन में दिया गया है मेरे दामाद और भतीजा गांव के अंडा दुकान पर गए हुए थे वहीं पर किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई और 10- 12 लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया और सोने का लॉकेट छीन लिया है पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लहसुना थाना अंतर्गत ग्राम निशियावां से नामजद अभि नागेंद्र कुमार पिता रामजी बिंद को गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम करवाई कि जा रही है।

चुनाव प्रेक्षक ने डिस्पैच सेंटर एवं मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को निर्वाचन प्रेक्षक सह भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पटेल धवल कुमार कृति ने श्रीमति गिरजा कुंवर हाई स्कूल स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केंद्रों की भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्ग, आवश्यक सुविधाओं और मतदाता सुविधा केंद्रों की व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली। मौके पर निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार, बीडीओ प्रभाकर कुमार, लोक शिकायत निवारण प्राधिकारी सोनाली कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार उपस्थित रहे। बीडीओ प्रभाकर कुमार ने प्रेक्षक को प्रत्येक बूथों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। चुनाव प्रेक्षक ने बूथों से संबंधित बीएलओ से एक-एक कर संवाद स्थापित किया। प्रेक्षक ने मतदाता सूची, नए मतदाताओं के नाम को जोड़ने और मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने बीएलओ को घर-घर जाकर वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करने का आदेश दिया। ताकि, अधिक से अधिक लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। निरीक्षण के क्रम में प्रेक्षक ने सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की भी समीक्षा की। कहा कि आदर्श बूथ, पिंक बूथ व सामान्य बूथों पर पर्याप्त पानी, शौचालय, रैंप, शेड और लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही दिव्यांगजनों और वृद्ध मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था करने का आदेश दिया। प्रेक्षक ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग का प्राथमिक लक्ष्य निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराना है। इसके लिए सभी स्तरों पर समन्वय और सजगता आवश्यक है। प्राथमिक आधार पर होगा निर्देशों का पालन प्रेक्षक ने चेतावनी दी कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की होगी। वहीं बीडीओ ने बताया कि प्रेक्षक के दिशा-निर्देशों का पालन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सभी बूथों पर आवश्यक सुधार और सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र पूरा कराया जा रहा है। अनुमंडल प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए योजनाबद्ध कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। निरीक्षण के दौरा पदाधिकारी, पर्यवेक्षक दल, स्कूल प्रबंधन से जुड़े लोग और सुरक्षा बल के जवान भी मौजूद रहे।

धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी, सर्राफा बाजार और बर्तन मंडी में उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनतेरस पर मसौढी बाजार में जमकर धनवर्षा हुई। इस खास मौके को लेकर बाजार गुलजार रहा और दुकानें सजी रहीं। सड़कों के किनारे लगी टेंपररी दुकानें भी जगमगाती रहीं। इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, ऑटोमोबाइल, बर्तन और ज्वेलरीज शॉप्स व शो रूम में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। लोगों ने महंगाई को दर किनार कर शुभ मौके पर जमकर खरीदारी की। धनतेरस पर प्रॉपर्टी, व्हीकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स व इलेक्ट्रिकल आइटम्स, मोबाइल फोन, डेकोरेटिव आइटम्स, बर्तन, कपड़े, मिठाई और ड्राई फूड्स का बाजार सबसे ज्यादा गुलजार रहा। ज्वेलरी का कारोबार पिछले साल की तुलना में ज्यादा रहा। मौली में तकरीबन 120 आभूषण दुकान है जहां तकरीबन 5 करोड रुपए का कारोबार हुआ है।इसके अलावा धनतेरस में बर्तनों की जोरदार खरीदी हुई । बर्तन मंडी मार्केट में लाखों रुपए का कारोबार हुआ। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, आइटम्स और किचन अपलायंसेज के लिए भी बाजार पूरी तरह सजा रहा। धनतेरस पर न सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स बिके, बल्कि वाहन खरीदने वालों ने पहले ही बुकिंग करा ली थी। ऐसे में धनतेरस पर वे अपनी गाडियों की डिलीवरी लेने पहुंचे। देर रात तक बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई।बहरहाल बाजारों में बर्तन, सजावट का सामान, सूखा मेवा और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की दुकानें विशेष रूप से सजी हैं। बाजारों में दुकानों की रौनक देखते ही बन रही है। खत्री ज्वेलर्स के प्रोपराइटर सुरेंद्र खत्री ने बताया कि इस बार बाजार में सोने-चांदी से लेकर बर्तनों तक में नए डिजाइन उपलब्ध हैं।

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 57 - BAISI

Name of the Candidate:- SHRI VINOD KUMAR

Sl. No.		Criminal Antecedents			
1.	a	Nature of the Offences	u/s 3 B.P.D.P. ACT	u/s 171(H), 188 IPC Act	u/s 171(H), 188, 269 IPC & 51 DM Act & 3 ED ACT
	b	Case no.	BIASI, Purnia PS Case no. 148/15	DAGARUA, Purnia PS Case no. 235/15	DAGARUA, Purnia PS Case no. 181/20
	c	Name of the Court	Pradeep Kr. Ravi, JM 1st Class Purnea	Prabhat Ranjan, JM 1st Class Purnea	Prabhat Ranjan, JM 1st Class Purnea
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	NO	Yes	Yes
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Nothing	Nothing	Nothing
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words)	Shri Vinod Kumar is a social activist and farmer by occupation. He has worked a lot for overall development of the people of his constituency and has always personally seen to their best interest and he has worked for the development of skill development for the people in his area.		
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	All the cases against Shri Vinod Kumar are related to model code of conduct during elections and are politically motivated. Considering his dedication towards the upliftment work for his constituency, the party has given him preference amongst the others.		

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 19, Motihari

Name of the Candidate:- Shri Pramod kumar

Sl. No.		Criminal Antecedents		
1.	a	Nature of the Offences	U/S 147, 323, 379 IPC	U/S 153A IPC
	b	Case no.	Piprakothi, PS Case no.16/2000	MOTIHARI NAGAR PS Case no. 327/1990
	c	Name of the Court	सुश्री शांभवी वल्स न्यायिक दण्डाधिकारी सदर मोतिहारी	अपर न्यायिक दण्डाधिकारी 1–सह–एम.पी / एम.एल.ए.कोर्ट, मोतिहारी
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No	Yes
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Nothing	Nothing
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	Shri Pramod Kumar is a social activist and agriculturist who is advocating the concept of Atma Nirbhar Bihar and works for the upliftment of the socially and economically deprived persons of his constituency. He did a lot of development works in his constituency and has given preference to the infra-structural development as well education amongst the deprived people. His popularity amongst the people of Motihari Constituency can be assessed with the fact that the people of Motihari has elected him four times as their leader since 2005.	
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	The cases against him are of election period and are mostly politically motivated. Considering his work for the upliftment of Motihari Constituency, he has been selected as candidate for the Motihari Constituency by the party.	

Kumar Sachin
Co-convenor Election Cell, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 63- KATIHAR

Name of the Candidate:- SRI TARKISHORE PRASAD

Sl. No.		Criminal Antecedents	
1.	a	Nature of the Offences	127A R.P. Act 1951
	b	Case no.	Katihar Nagar PS 511/2020
	c	Name of the Court	ACJM-I, Katihar
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	Yes
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Nothing
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	He is a sitting MLA in the Constituency and has been the MLA form the Katihar Constituency from the year 2005. He is former Dy. CM of Bihar. He has been working tremendously for the people. He has worked for the implementation of a number of reforms in the agricultural sector has also been actively undertaking various awareness programmes to make the farmers aware of the different government schemes. Further, he has also been working consistently in the education and health sector for upgradation and functioning of the government schools and hospitals in his constituency.
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	There is only one case pending against him and that too trivial in nature and relates to election. Due to his consistent work in his constituency, he has been preferred over others.

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

तारकिशोर प्रसाद, मनोज शर्मा, वीरेंद्र सिंह ने भरा नामांकन

एनडीए की नीतियां गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित : भूपेंद्र पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के मतदान को लेकर नामांकन में तेजी आ गई। भाजपा एनडीए की ओर से आज विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस क्रम में नामांकन सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और बिहार भाजपा के दिग्गज नेता शामिल हुए और एनडीए प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। भाजपा एनडीए के प्रत्याशी के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने कटिहार से नामांकन दाखिल किया तो अरवल से पूर्व विधायक मनोज शर्मा, विस्फी से हरिभूषण ठाकुर बचौल, वजीरगंज से वीरेंद्र सिंह, गुरुआ से उपेंद्र दांगी और रामगढ़ से अशोक कुमार सिंह ने नामांकन भरा। इसके अलावा मोहनियां से संगीता कुमारी, प्राणपुर से निशा सिंह, राजनगर से सुजीत पासवान, ढाका से पवन जायसवाल, बगहा से राम सिंह, रामनगर से नंद किशोर राम, नरकटियागंज से संजय पांडेय, पीरपैंती से मुरारी पासवान और औरंगाबाद से त्रिविक्रम सिंह ने भी आज अपना नामांकन पत्र भरा। वजीरगंज, अरवल और गुरुआ में उम्मीदवारों के नामांकन पत्र भरने के बाद आयोजित नामांकन सभा को संबोधित करने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और मंत्री जनक राम पहुंचे। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। एनडीए की नीतियां गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित हैं। विकास और सुशासन की इस यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए एनडीए उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने एनडीए सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बिहार को विकास के क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रयासरत हैं। एनडीए के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। पहले की सड़क और अब की सड़क को देख लीजिए कितना कुछ बदल चुका है। यह विकास एनडीए सरकार में ही संभव है जब देश का हर राज्य विकसित और प्रगतिशील होगा, सभी लोगों का विकास होगा। इधर, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और राजभूषण निषाद विस्फी, मधुबनी, राजनगर और ढाका पहुंचे और नामांकन सभा में एनडीए प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। इसके अलावा हरियाणा के सीएम नायाब सिंह सैनी और सांसद प्रदीप सिंह कटिहार, त्रिवेणीगंज में जबकि राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद भैरवा और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रामगढ़, मोहनियां और सासाराम में आयोजित महती नामांकन सभा में एनडीए प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। नामांकन सभा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने जहां जंगलराज की स्थिति और वर्तमान सरकार की तुलना की, वहीं बिहार के विकास के लिए एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। इधर, त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा, केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे और सांसद संजय जायसवाल बगहा, रामनगर और नरकटियागंज पहुंचे और नामांकन सभा में उपस्थित होकर एनडीए प्रत्याशियों के लिए लोगों से वोट की अपील की। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और रामनाथ ठाकुर पीरपैंती और औरंगाबाद में नामांकन सभा को संबोधित किया।

चंदौली मझवार-गंजख्वाजा खंड में रेल फ्रैक्चर पर त्वरित कार्रवाई

फील्ड स्टाफ की सजगता से संरक्षित रहा परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। रेल संरक्षा की दृष्टि से ट्रैक किनारे कार्यरत फील्ड स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उनकी सतत निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया ही संरक्षित रेल संचालन की नींव है। 18 अक्टूबर 2025 को डीडीयू मंडल के चंदौली मझवार और गंजख्वाजा स्टेशनों के बीच समपार फाटक संख्या 78 से कुछ मीटर दूर अप लाइन पर एक रेल फ्रैक्चर की समय पर पहचान और समन्वित कार्रवाई ने परिचालन को पूर्णतः संरक्षित बनाए रखा। प्रातः 08:57 बजे कीमैन श्रवण कुमार ने नियमित निरीक्षण के दौरान फ्रैक्चर को पहचाना। उन्होंने तुरंत स्टेशन मास्टर संतोष कुमार को सूचना दी और फाटक की तरफ दौड़े। फिर स्टेशन मास्टर ने सतर्कता दिखाते हुए समपार फाटक पर गेटमैन दिनेश कुमार को सूचित किया। गेटमैन ने संरक्षा के लिए तत्काल गेट सिग्नल बंद कर दिया जिससे आ रही ट्रेन संख्या 22307 (हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस) को संरक्षित रूप से रोका जा सका। स्टेशन मास्टर संतोष कुमार तथा स्टेशन मास्टर विनय कुमार ने तत्काल कंट्रोल ऑफिस को भी सूचित किया और टीपीसी कंट्रोल द्वारा ओवरहेड उपकरण बंद किया गया। इस तरह उस दौरान संबंधित उप रेलखंड में परिचालन नियंत्रित कर पूर्ण संरक्षा सुनिश्चित की गई। वरिष्ठ अनुभाग अभियंता की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक मरम्मत की और 09:30 बजे ट्रैक को 30 किमी/घंटा की गति सीमा के साथ संरक्षित रूप से फिट घोषित किया। इस पूरे घटनाक्रम में कीमैन श्रवण कुमार, गेटमैन दिनेश कुमार और स्टेशन मास्टर संतोष कुमार की त्वरित, समन्वित और संरक्षा-केंद्रित कार्रवाई ने परिचालन को बिना किसी बाधा के संरक्षित बनाए रखा। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही उत्कृष्ट संरक्षा कार्य हेतु कीमैन श्रवण कुमार , स्टेशन मास्टर संतोष कुमार, स्टेशन मास्टर विनय कुमार और गेटमैन दिनेश कुमार को शाबाशी देते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। यह घटना डीडीयू मंडल की संरक्षा संस्कृति का जीवंत उदाहरण है जहां प्रत्येक कर्मचारी संरक्षित संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। मंडल प्रशासन ऐसे कर्मठ और सजग कर्मचारियों की सराहना करता है जिनके प्रयासों से संरक्षा सुनिश्चित होती है।

सिंदुआरी हत्याकांड में आरोपित को आजीवन कारावास की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। पुलिस की सक्रियता और साक्ष्यों के आधार पर कोंच थाना क्षेत्र के बहुचर्चित सिंदुआरी हत्याकांड मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला शनिवार के दोपहर 2 बजे सुनाया। कोंच थाना कांड संख्या 137/2020 के तहत दर्ज इस मामले में आरोपित विमलेश यादव को एडीजे-01, गया की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने दोषी पर 31 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि इस प्रकरण में पुलिस ने घटना के बाद तत्परता दिखाते हुए ठोस साक्ष्य जुटाए थे। जांच पूरी कर समर्पित चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की गई और तत्पश्चात मामले का स्पीडी ट्रायल चलाया गया। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने विमलेश यादव को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 149 और 307 के अंतर्गत दोषी पाया। यह फैसला न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे अपराधियों में कानून का भय बढ़ेगा। वहीं पुलिस अधीक्षक ने इस सफलता पर केस से जुड़े अधिकारियों और टीम की सराहना की है। न्यायालय के इस निर्णय से मृतक के परिजनों को भी न्याय की प्राप्ति हुई है।

राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दीपोत्सव का आयोजन

दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं, अन्याय पर सत्य की विजयः विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विद्यापीठ के अंतर्गत देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में दीपोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा पारंपरिक दीप, कलात्मक तोरण एवं विविध सृजनात्मक थीम पर आधारित प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त ने दीपोत्सव के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान

और अन्याय पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि विभिन्न थीम पर आधारित दीपोत्सवों का आयोजन कर हमें भारत की विविध एवं समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को समझने और सहेजने का अवसर प्राप्त होता है। शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय विभाग की निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश ने दीपोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षण संस्थान में पर्वों का उत्सव केवल आनंद का नहीं, बल्कि संस्कार, सह-अस्तित्व और सृजनशीलता के विकास का माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि हर बार इन उत्सवों को नवाचार और विविधता के साथ मनाने से शिक्षण संस्थान संस्कृति-संवर्धन के केंद्र बनते हैं। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, अपर सचिव डॉ. श्यामानंद चौधरी, संयुक्त सचिव अवधेश के. नारायण, वित्त मंत्री नीरज सिन्हा, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा सहित विद्यापीठ के अन्य अधिकारीगण, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन सहायक प्राध्यापिका रिंपल कुमारी के कुशल निर्देशन में हुआ। दीपत्सव की प्रसन्नता, सृजनशीलता और भारतीय सांस्कृतिक आत्मा का अद्भुत संगम दिखाई दिया जिसने इस दीपोत्सव को सचमुच 'ज्ञान के आलोक का पर्व' बना दिया।

वीआइपी के राजेश सहनी, बिट्टू पासवान, राजेश प्रजापति सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल

डॉ. दिलीप जायसवाल ने सभी को दिलाई सदस्यता और पार्टी में किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रदेश प्रवक्ता और जिला पार्षद राजेश सहनी, बिट्टू पासवान और पूर्व मुखिया सह वीआईपी के नेता राजेश प्रजापति ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने इन सभी लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और भाजपा में स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अभी चुनाव चल रहा है और विपक्ष की स्थिति देखकर लोगों का मोह भंग हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य

सरकार मिलकर बिहार को विकास के क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रयासरत हैं। एनडीए के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। बिहार की पहले क्या स्थिति थी, लोगों से छिपी नहीं थी। एनडीए की सरकार में लालटेन समाप्त हो गई है। आज गांव-गांव में एलईडी की रोशनी पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि लोगों का भाजपा एनडीए के प्रति आकर्षण बढ़ा है। लोग भाजपा और एनडीए की नीतियों को पसंद कर रहे हैं जिसमें केवल विकास ही विकास है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि भाजपा एक परिवार है और आप सभी आज से इस परिवार के सदस्य हो गए हैं।

मतदान महादान, हर वोट कीमती : नीतू नवगीत ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जिला निर्वाचन आयोग की स्वीप आइकॉन एवं प्रसिद्ध लोकगायिका नीतू कुमारी नवगीत ने रविवार को गांधी मैदान, कारगिल चौक, खादी मॉल तथा आसपास के क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। जनसमूह को संबोधित करते हुए नीतू नवगीत ने कहा कि मतदान महादान है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद मतदान ही है, इसलिए हर मतदाता को अपने वोट के अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हार-जीत का फैसला कई बार एक वोट से तय होता है, ऐसे में हर वोट देश और राज्य के भविष्य को दिशा देने वाला होता है। नीतू नवगीत ने लोगों से अपील की कि वे मतदान के दिन घर से जरूर निकलें और पहले मतदान, फिर जलपान के संकल्प के साथ मतदान केंद्र पर जाकर अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर राजेश केशरी, कुमार संभव, कपिल देव, हर्ष कुमार, शाजिया परवीन, अजीत कुमार, सोनू कुमार, सतीश कुमार, आरती कुमारी और मोहित कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

राजद महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव हीरामनी तांती भाजपा में हुईं शामिल

भाजपा की नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी में जुड़ रहे समर्पित लोग : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजद महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय पान महासंघ की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष हीरामनी तांती आज अपने कई समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने हीरामनी तांती को भाजपा की सदस्यता दिलाई और भाजपा परिवार में उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा के मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' से प्रेरित होकर पार्टी में जुड़ रहे समर्पित कार्यकर्ता संगठन को और मजबूती प्रदान

करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा में आपके जुड़ने से बिहार में एनडीए को मजबूती मिलेगी और इस चुनाव में विजय दिलाने के संकल्प को और नई ऊर्जा एवं मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने भाजपा परिवार में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के पार्टी में आने से युवाशक्ति का नया जोश और समाजसेवा के प्रति नई ऊर्जा मिली है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद हीरामनी तांती ने भी भाजपा की नीतियों को सराहा और महिलाओं के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की तारीफ की।

सीयूएसबी में इंटर-स्कूल वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी(गयाजी)। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के गेम्स एंड स्पोर्ट्स कमिटी द्वारा आयोजित इंटर-स्कूल वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला वर्ग) का भव्य फाइनल मुकाबला विश्वविद्यालय के मिल्खा सिंह खेल परिसर में गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आयोजित किया गया। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. नरेंद्र कुमार राणा थे। उनके साथ छात्र कल्याण डीन प्रो. पवन कुमार मिश्रा, शिक्षा संकाय के डीन प्रो. रविकांत तथा उपकुलसचिव प्रतीश कुमार दास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गेम्स एंड स्पोर्ट्स कमिटी के अध्यक्ष प्रो. प्रवीण कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए खेलों के महत्व, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, एकता और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। इसके पश्चात रजिस्ट्रार प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों को शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

दीपोत्सव ने बढ़ाई बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता : विजय प्रकाश

स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, पटना में दीपोत्सव का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। शनिवार को स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, पटना में दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 300 छात्रों ने पारंपरिक रंगोली कला और 'घरोंदा' निर्माण के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विजय प्रकाश, अध्यक्ष ए.पी.सी.एल., ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि दीपोत्सव केवल प्रकाश का पर्व नहीं, बल्कि बच्चों की कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच विकसित करने का एक सशक्त

माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर बच्चों ने जिस संवेदनशीलता और सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया, वह भविष्य के सृजनशील समाज की नींव है। 'घरोंदा' निर्माण जैसी पारंपरिक तकनीकें बच्चों में सृजन की समझ और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला प्रकाश ने कहा कि दीपोत्सव जैसे आयोजन अब केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं रहे, बल्कि इन्हें शैक्षणिक प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा माना जाना चाहिए। इस प्रकार के आयोजन बच्चों में सृजनात्मकता, सहयोग और सौंदर्यबोध का विकास करते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने समसामयिक और सांस्कृतिक विषयों पर रंगोली बनाकर अपनी कला का परिचय दिया। कक्षा 10 के छात्रों ने ल्लकमल थीम, कक्षा 9 के छात्रों ने ऑपरेशन सिन्दूर, कक्षा 8 के छात्रों ने युद्ध और शांति, कक्षा 7 के छात्रों ने पहलगाम हमला और कक्षा 6 के छात्रों ने सुख, समृद्धि और वैभव विषयों पर रंगोली प्रस्तुत की। कक्षा 1 से 5 तक और प्रारंभिक कक्षाओं (एल.के.जी. एवं यू.के.जी.) के बच्चों ने हमें भी जीने दो विषय पर रंगोली बनाकर सभी का दिल जीत लिया। छात्रों ने पारंपरिक रंगोली के साथ मंडल आर्ट के सुंदर चित्र भी तैयार किए। वहीं, कंदील निर्माण प्रतियोगिता में बनाए गए रोबोटिक दीप ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

रेलवे का सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ बड़ा एक्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ अब सख्त कदम उठाने जा रही है। इस त्योहार के सीजन में कुछ सोशल मीडिया हैंडल्स पर पुरानी या भ्रामक वीडियो वायरल कर यात्रियों में भ्रम और असंतोष फैलाया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने कहा कि अब तक 20 से ज्यादा ऐसे सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर एफआईआर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रेलवे द्वारा सोशल मीडिया पर 24 घंटे मॉनिटरिंग कर ऐसे असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। रेलवे ने सभी सोशल मीडिया यूजर से अपील की है कि बिना तथ्यों की जांच किए स्टेशनों पर भीड़भाड़ एवं अन्य वीडियो को साझा करने से बचें। रेलवे का यात्रियों से अनुरोध है कि केवल आधिकारिक रेलवे नोटिफिकेशन और आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब @RailMinIndiaपर ही भरोसा करें।

सर सैयद अहमद खां की जयंती मनाई गयी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन, बिहार चैप्टर द्वारा आधुनिक शिक्षा के प्रवर्तक और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खां की 208वीं जयंती का आयोजन अभिलेख भवन, पटना के सेमिनार हॉल में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाहिद कमाल द्वारा पवित्र कुरआन शरीफ की तिलावत से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुजफ्फरुद्दीन अब्दाली, मुख्य डाक महा अधीक्षक, बिहार सर्कल उपस्थित थे। मौके पर अब्दाली ने कहा कि सर सैयद अहमद खां की विरासत आज भी शिक्षा, सामाजिक सुधार और साम्प्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने में प्रेरणास्रोत बनी

हुई है। उन्होंने कहा कि ए.एम.यू. के पूर्व छात्र सर सैयद के आदर्शों पर चलते हुए शिक्षा, एकता और समाज उत्थान के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने ए.एम.यू. एलुमनाई एसोसिएशन, बिहार चैप्टर द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्रों में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था कलाकार तहसीन मुनव्वर द्वारा प्रस्तुत सर सैयद अहमद खां पर आधारित नाटक जिसका निर्देशन डॉ. सईद आलम ने किया। यह नाटक सर सैयद के जीवन और उनके संदेश पर आधारित था जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। संघ के अध्यक्ष नदमी सिराज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हम सभी पूर्व छात्रों का कर्तव्य है कि हम सर सैयद की विरासत को आगे बढ़ाएं—समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करें, सामाजिक समझ को मजबूत करें और ऐसे संस्थान स्थापित करें जो उनके प्रगतिशील विचारों को आगे ले जाएं।

लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति ने किया दीपोत्सव समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति के सहयोग से दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगी सजावट, दीपों की रोशनी और उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगोली, कला, शिल्प, तोरण, मधुबनी चित्रकला, झरोखा, घरौंदा, दीया, लीपन कला, गुल्लक, कंडील, फोटो फ्रेम और फूलदान प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की रचनात्मकता और पारंपरिक कला के प्रति लगाव ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लायन रोहित संकर, लायन शिवानी भार्गव, लायन राजीव भार्गव और लायन नवीन कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की शिक्षिकाओं रेवा, जागृति, निक्की, वंदना और रानी की उपस्थिति में बच्चों को विभिन्न प्रकार की शिल्पकलाओं का प्रशिक्षण दिया गया।

दानापुर मंडल में विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत रेलवे ट्रैकों पर चला सफाई अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दानापुर। 31 अक्तूबर 2025 तक चलने वाले विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत 18.10.2025 को दानापुर मंडल के पटना, राजेंद्रनगर टर्मिनल, पाटलिपुत्र, मोकामा, पटना साहिब, दानापुर स्टेशनों एवं दानापुर कॉलोनी में अमृत संवाद का आयोजन किया गया। यह पहल अमृत काल की भावना और पंच प्रण के सिद्धांतों पर आधारित है जिसका उद्देश्य नागरिकों को रेलवे के विकास में भागीदार बनाना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्टेशनों पर मुख्य स्वास्थ निरीक्षकों ने यात्रियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने स्टेशनों पर सुविधाओं व सुधारों जैसे प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट, आधुनिक टिकटिंग व्यवस्था, एस्केलेटर, वाई-फाई, दिव्यांग अनुकूल सेवाओं सहित

जन औषधि केंद्र जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। यात्रियों से इन सुधारों पर प्रतिक्रिया ली गई और आगे की अपेक्षाओं व सुझावों को जाना गया। यह संवाद यात्रियों को उनकी जिम्मेदारी का बोध कराते हुए स्वच्छता और स्टेशन की देखरेख में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ ही दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता गतिविधियां सक्रिय रूप से जारी हैं। साथ ही साथ दानापुर मंडल के स्टेशनों पर लगे बोतल क्रशर मशीन की साफ-सफाई, संचालन एवं इसकी उपयोगिता से यात्रियों को अवगत कराया गया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साथ मंडल के बड़े स्टेशनों जैसे पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र, राजेंद्रनगर टर्मिनल, आरा, बक्सर व अन्य के अलावा मंडल के छोटे स्टेशनों पर जैसे दिलदारनगर, फुलवारी शरीफ, भदौरा, फतुहा व अन्य छोटे स्टेशनों पर सघन सफाई अभियान चलाया गया।

जदयू की विभा, राजद की अनीता और कांग्रेस के मंटन सहित पांच ने किया नामांकन

डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नबिटा ब्यूरो

नवादा। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दूसरे चरण का नामांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गया है। सोमवार यानी 20 अक्टूबर को नामांकन पत्र भरने की आखिरी तिथि होगी। शनिवार 18 अक्टूबर को नवादा जिले के सभी पांच विधानसभा सीटों पर पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है । नवादा विधानसभा क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी के रूप में पूर्व राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद की पत्नी विभा देवी ने नामांकन पत्र सदर अनुमंडल कार्यालय में दाखिल किया । वहीं वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में पार्टी के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह तथा राजद प्रत्याशी के रूप में अशोक महतो की पत्नी कुमारी अनीता ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया । हजारों समर्थकों के साथ पहुंचे ऐसे प्रत्याशी अपने-अपने जीत के दावे कर रहे हैं। वहीं एआइएमआइएम पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नवादा से नसीमा खातून ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट की आस लगाए बैठे

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ केपी सिंह ने टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में शनिवार

को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शाम 3 बजे तक चलती रही। नामांकन करने वाले लोगों का कारवां 11 बजे से शाम 3 तक लग रहा। प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा को लेकर काफी तैनाती की गई थी। गौरतलब हो की हिसुआ और गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र का नामांकन कलेक्ट्रेट परिसर में लिया जा रहा है। वही नवादा और वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र का नामांकन अनुमंडल कार्यालय और डीसीएलआर कार्यालय में किया जा रहा है। सोमवार यानी 20 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि होगी। अनुमान लगाया जा रहा है की आखिरी दिन भी कई लोगों के नामांकन पत्र भरने का काम पूरा होगा। जदयू प्रत्याशी विभा देवी के नामांकन के दौरान सांसद विवेक ठाकुर, एमएलसी अशोक यादव, हिसुआ के भाजपा प्रत्याशी अनिल सिंह, वारसलीगंज के भाजपा प्रत्याशी अरुणा देवी और जहानाबाद के जदयू नेता चंदेश्वर चंद्रवंशी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, उपाध्यक्ष निशा चौधरी, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

कल्याण ज्वेलर्स के मेगा फेस्टिवल ऑफर में ग्राहकों ने की जमकर खरीदारी

तीन लाख से अधिक की खरीदारी पर मेकिंग चार्ज में 30% छूट
डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर मेकिंग चार्ज में 50% छूट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। दीपावली और धनतेरस के शुभ अवसर पर रांची रोड स्थित कल्याण ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए शानदार मेगा फेस्टिवल ऑफर निकाला। जिसका ग्राहकों ने खूब लाभ उठाया। सोने की बढ़ती कीमतों के बीच यह ऑफर ग्राहकों के लिए फायदे का सौदा साबित हो रहा है। स्टोर के प्रोपराइटर शशिकांत कुमार गुप्ता ने बताया कि धनतेरस दीपावली और आगामी शादी सीजन को ध्यान में रखते हुए यह विशेष छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि तीन लाख तक की गोल्ड ज्वेलरी की खरीद पर 25% तक की मेकिंग चार्ज में छूट दी जा रही है। वहीं तीन लाख से अधिक की खरीदारी पर ग्राहकों को 30% मेकिंग चार्ज में छूट का लाभ मिल रहा है। डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर भी सभी ग्राहकों को 50% मेकिंग चार्ज की छूट दी जा रही है। यह ऑफर दीपावली के इस त्यौहार में खरीदने वालों के लिए सुनहरा मौका है। ग्राहकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए कल्याण ज्वेलर्स ने फेस्टिवल प्री बुकिंग सुविधा भी शुरू की है इसके तहत ग्राहक अग्रिम राशि जमा कर अपनी पसंद की ज्वेलरी को पुराने रेट पर बुक करा सकते हैं। जिससे बाजार में दाम बढ़ने का असर उनके बजट पर नहीं पड़ेगा। धनतेरस को लेकर बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है कल्याण ज्वेलर्स में ग्राहकों की भीड़ बढ़ रही है लोग लाइट वेट ज्वैलरी पारंपरिक कलेक्शन और आधुनिक डिजाइनों की कलेक्शन का लाभ उठा रहे हैं। शशिकांत कुमार गुप्ता ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही उनकी प्राथमिकता है और इस पर्व पर सबसे बेहतरीन कलेक्शन के साथ बेहतर ऑफर देना उनका लक्ष्य है।

एक नजर

हिलसा में तीन उम्मीदवारों का नामांकन रद्द

हिलसा (नालंदा)। आगामी विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का नामांकन समाप्ति के बाद शनिवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। नामंकन फार्म में त्रुटि एव दस्तावेज की कमी के कारण हिलसा विधानसभा से तीन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द हो गई। हिलसा विधानसभा के निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने बताया कि शनिवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। जहां पीपल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया डेमोक्रेटिक के प्रत्याशी इंद्रजीत पासवान एवं निर्दलीय प्रत्याशी सुदामा पासवान के नामंकन फार्म एव शपथ पत्र में अधूरा जानकारी दी गई थी। जहां दोनों प्रत्याशी को नोटिस किया गया जिसके बाद भी संवीक्षा में उपस्थित नहीं हो सके एवं दूसरा शपथ पत्र नहीं जमा करने पर नामांकन रद्द कर दिया गया। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र प्रसाद के नामांकन पत्रों में किसी भी प्रस्तावक का नाम अंकित नहीं था। नोटिस के बाद संवीक्षा में अनुपस्थित रहने पर नामांकन रद्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को नाम वापसी की अंतिम तिथि के बाद चुनाव चिह्न आवंटित 6 नवंबर को पूर्वाहन 7:00 से अपराहन 5:00 बजे तक चुनाव का मतदान होगा।

पकरीबरावां में कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

पकरीबरावां। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि शराब बनाने एवं बेचने की सूचना पर एक टीम गठित कर लोदीपुर गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 15 लीटर शराब जब्त की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने एक देशी कट्टा के साथ इसी गांव के योगी रविदास एवं सोनू उर्फ सोनी बिहारी को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि रात में दोनों शराब निर्माण कर रहे थे। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। बताया गया कि शराब की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। इधर, पुलिस वारंटियों एवं आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी कर रही है।

छठपूजा के अवसर पर नृत्य प्रस्तुति

नारदीगंज (नवादा)। बिहार के छठपूजा के अवसर पर विद्यालय के छात्राओं ने मिथिला और बिहार को जोड़ते हुए शनिवार को नृत्य प्रस्तुति कार्यक्रम आयोजित की। यह कार्यक्रम उत्क्रमित मध्य विद्यालय पूर्णा भदौर में हुआ। प्रभारी प्राचार्य रामबालक चौधरी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं ने मिथिला(बिहार) का लोक नृत्य झिझिया का बेहतरीन प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में छात्राओं में शिवानी, रानी, करिश्मा, खुशी,नीलम,अनिशा समेत अन्य छात्रों ने बढ़चढ़ कर मनमोहक प्रस्तुति की। मौके पर शिक्षक कुमारी शिप्रा, मोनिका राज, नौशीन परवीन, बेबी कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर निकाली जागरुकता रैली

पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखण्ड की धमौल पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय अंजुनार में छात्र- छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. राजेश कुमार प्रभाकर के नेतृत्व में बच्चों ने मतदाता जागरूकता से जुड़े स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। विद्यालय के बच्चे सुहानी कुमारी, आशु कुमार, लाल कुमार, काजल कुमारी, रूही कुमारी, शिवानी कुमारी, दुर्गा कुमारी, श्रुति कुमारी, रवि कुमार आदि ने हाथों में स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर मतदान के लिए जागरूक किया। बच्चों ने लोकतंत्र को सफल बनाना है, 11 नवंबर को मतदान करने जाना है, छोड़ो घर का सारा काम, पहले चलो करें मतदान आदि नारे लगाए। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताते हुए एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जरूर मतदान करने को कहा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित थे। इधर, पकरीबरावां प्रखण्ड के अन्य कई विद्यालयों के बच्चों ने रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया।

जीआइपी पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

पकरीबरावां। प्रखंड मुख्यालय अवस्थित जीआइपी पब्लिक स्कूल में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वर्ग प्रथम से लेकर दशम तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाएं। बच्चों ने बारीकी से रंगोली को आकर्षक रंगों से सजाया गया। बच्चों में सबसे आकर्षक रंगोली बनाने की प्रतिस्पर्धा रही। विद्यालय निदेशक रंजीत रंजन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। बच्चे अपनी कल्पना को और भी आगे बढ़कर भविष्य में अपने मंजिल को पाने में सफल हो सकते हैं। रंगोली प्रतियोगिता का निर्देशन खेल शिक्षक विकास कुमार ने किया। उन्होंने बताया की बच्चों ने प्रतियोगिता में काफी मेहनत की है। रंगोली प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाए गए हैं एक ग्रुप में वर्ग प्रथम से पंचम वर्ग तक के बच्चे तथा दूसरे ग्रुप में छह से दशम वर्ग तक के बच्चे शामिल हुए। जिसमें 10अ, 7 अ, 6 अ वर्ग का रंगोली आकर्षक रहा। मौके पर प्राचार्य दीप राय उप प्राचार्य बिल्टू चटर्जी सहित विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

91वें लक्ष्मी पूजनोत्सव पर ओड़ो गांव में चार दिवसीय नाट्य मंचन

नारदीगंज (नवादा)। लक्ष्मी पूजा के अवसर पर मां लक्ष्मी की 91वीं पूजनोत्सव के तत्वावधान में ओड़ो गांव में चार दिवसीय नाट्य मंचन आयोजित होगी। कार्यक्रम का आयोजन गांव में स्थित मां लक्ष्मी मंदिर के परिसर आयोजित की जाएगी। यहां वर्ष 1935 में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना होते आ रही है। यह कार्यक्रम श्री लक्ष्मी नाट्य कला परषिद ओड़ो के सौजन्य से आयोजित किया गया है। परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार व सचिव दीपक कुमार ने बताया परिषद के निदेशक उदय कुमार के अलावा सहायक निदेशक के द्वारा नाट्य मंचन होगा। आगामी 20 अक्टूबर को दीवाली है। इस अवसर पर चार दिन तक नाट्य मंचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 20 अक्टूबर को मां लक्ष्मी की श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना होगी। कला परिषद के कलाकारों के द्वारा किस्मत का खेल नौटंकी का मंचन किया जाएगा। 21 अक्टूबर को नाटक कच्चे धागे 22 अक्टूबर को शरहद 23 अक्टूबर सुनहरी नागिन नाट्यमंचन किया जाएगा। उसके बाद 24 अक्टूबर को मां लक्ष्मी की प्रतिमा का शोभायात्रा निकाली जाएगी। कहा गया 21 से 23 अक्टूबर तक संध्या चार बजे से छह बजे तक मंदिर परिसर में रजनीश महाराज के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम किया जाएगा।

नामांकन से पूर्व एनडीए उम्मीदवार विभा ने जनता से लिया आशीर्वाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा विधानसभा क्षेत्र 237 से एनडीए समर्थित जनता दल (यू0) प्रत्याशी विभा देवी अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी नवादा के समक्ष चार सेटों में अपना नामांकन दर्ज कर दिया। प्रस्तावक के रूप में नवल सिन्हा , मनोज सिंह और प्रिंस तमन्ना उपस्थित रहे। जबकि बाहर समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विदित हो कि विभा देवी ने राष्ट्रीय जनता दल से नाता तोड़कर जदयू की सदस्यता ग्रहण कर ली थी । जदयू सुप्रीमो सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभा देवी पर भरोसा करते हुए नवादा से जदयू का टिकट दे दिया। नामांकन के पूर्व सिविल कोर्ट के पीछे स्थित जदयू चुनाव कार्यालय परिसर में विशाल नामांकन सह आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मंत्री समेत घटक दलों के जिला स्तरीय नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी जिला

अध्यक्ष अनिल मेहता ने की। जबकि मंच का सफल संचालन जेडीयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने किया। मंच पर सभी घटक दलों के जिलाध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं के अलावे नवादा सांसद विवेक ठाकुर एवं एनडीए के पांचों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भी उपस्थित रहे। विवेक ठाकुर ने अपने वक्तव्य में वी से विक्ट्री और वी से विभा का समीकरण जोड़कर सबको चौका दिया। वक्ताओं ने महागठबंधन के बिखराव पर चुटकी लेते हुए एनडीए गठबंधन की चट्टानी एकता की सराहना की। इसके साथ ही 2025, फिर से नीतीश , 225 की तुकबंदी को नवादा के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। विभा देवी को टिकट दिलाने से लेकर समस्त चुनावी गतिविधियों का संचालन एमएलसी अशोक कुमार कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति तैयार कर रहे हैं जबकि राजबल्लभ प्रसाद अभी भी पवेलियन में बैठ कर चुनावी चौके - छक्के का आनंद ले रहे हैं। मौके पर भाजपा प्रत्याशी हिसुआ विधान सभा

रोटरी क्लब तथागत ने रोटरी चिल्ड्रन के साथ मनाया दीपावली उत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। रोटरी क्लब तथागत की ओर से रोटरी चिल्ड्रन के साथ मिलकर दीपावली उत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम संत जोसेफ स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें रोटरी क्लब तथागत द्वारा संचालित इवनिंग क्लास के लगभग 600 रोटरी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने दीप सज्जा, फुलझरी प्रज्वलन और मिठाई वितरण के माध्यम से दीपावली का आनंद लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में उत्सव की भावना, आनंद और सामूहिकता का संदेश फैलाना था। परियोजना निदेशक रो. जोसेफ टी. टी. ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि आप हमेशा खुश रहें, खूब पढ़ें, बड़े सपने देखें और दूसरों के जीवन में भी उजाला फैलाएं। क्लब सचिव रो. मधु कंचन ने कहा कि आप सभी हमारे समाज का भविष्य हैं। आपकी मुस्कान और ऊर्जा ही रोटरी परिवार की सबसे बड़ी शक्ति

है। रोटरी चिल्ड्रन के साथ खुशियां बांटना हमारे लिए गर्व की बात है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रो. परमेश्वर महतो ने कहा कि यह प्रकाश पर्व हमें यह सिखाता है कि जैसे दीपक अंधकार को मिटाता है, वैसे ही ज्ञान, प्रेम और सद्भाव हमारे जीवन से नकारात्मकता को दूर करते हैं। पूर्व अध्यक्ष रो डॉ अरविन्द कुमार सिंहा ने बच्चों को सम्बोधित करते कहा कहा आइए इस दीपावली पर हम संकल्प लें कि हम न केवल अपने घरों को बल्कि अपने मन और समाज को भी रोशनी से भर देंगे। कार्यक्रम का सफल आयोजन रो. विश्व प्रकाश एवं रो. संजीव दास के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रो. अशोक कुमार, रो. अनिल कुमार, रो. डॉ. विभाष, रो. डॉ. नीरज, रो. रश्मि दास एवं इं. अरविंद कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे ।

नालंदा कॉलेज में दीपोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा कॉलेज परिसर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। एनएसएस वॉलंटियर्स ने इस अवसर पर परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों, दीयों एवं रंगोली बनाकर आकर्षक रूप से सजाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा एवं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बिनीत लाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने इस अवसर पर बच्चों के बीच मिठाई बांटते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं दीपावली का सही अर्थ समझाते हुए बताया कि यह त्योहार अंधकार से प्रकाश एवं असत्य पर सत्य

की विजय का प्रतीक है। नालंदा कॉलेज शिक्षक संघ की अध्यक्ष डॉ मंजु कुमारी, सचिव डॉ रत्नेश अमन, पूर्व प्राचार्य डॉ आर के परमहंस, भौतिकी के डॉ शशांक शेखर झा, राजनीति विज्ञान के डॉ श्रवण कुमार, भूगोल की डॉ भावना एवं डॉ प्रीति, गणित के डॉ उपेन मंडल, रसायनशास्त्र के अनिर्बान चटर्जी, प्राचीन इतिहास के डॉ कर्ण कुमार एवं डॉ संजीत कुमार सहित सभी शिक्षकों ने दीपावली की शुभकामनाएं दी।

स्वर्णिका ज्वेलर्स में धनतेरस ऑफर को लेकर ग्राहकों की उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। दीपावली और धनतेरस के शुभ अवसर पर सोहसराय स्थित स्वर्णिका ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए शानदार धनतेरस एवं लगन विशेष ऑफर निकाला। जिसका ग्राहकों ने खूब लाभ उठाया। सोने की बढ़ती कीमतों के बीच यह ऑफर ग्राहकों के लिए फायदे का सौदा साबित हो रहा है । स्वर्णिका ज्वेलर्स के निदेशक रजत रस्तोगी ने बताया कि धनतेरस दीपावली और आगामी शादी सीजन को ध्यान में रखते हुए यह विशेष छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी सोने के आभूषणों की खरीद पर 50% तक की मेकिंग चार्ज में छूट दी जा रही है। सिल्वर ज्वेलरी और सिल्वर बर्तन की खरीदारी पर 50% और 25% की छूट मेकिंग चार्ज में दी जा रही है। इसी तरह सिल्वर 925 ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 30% की छूट दी जा रही है। डायमंड वैल्यू पर भी 30% की छूट दी जा रही है। यह ऑफर दीपावली के इस त्यौहार में खरीदने वालों के लिए सुनहरा मौका है। लोग लाइट वेट ज्वैलरी पारंपरिक कलेक्शन और आधुनिक डिजाइनों की कलेक्शन का लाभ उठा रहे हैं। रजत रस्तोगी ने बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि ही उनकी प्राथमिकता है।

झांकी निकालकार संस्कृति और परंपरा का दिया संदेश

पकरीबरावां। महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय बुधौली में शनिवार को छात्राओं ने छठ पर आधारित आकर्षक झांकी निकाली। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार की देख रेख में छात्राओं ने झांकी निकाली। कार्यक्रम में छठ की महत्ता और इससे जुड़ी कहानियों को साझा किया गया। छात्राओं ने छठ के गीत गाए और पूजा की विधि को झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने कहा कि छठ हमारी संस्कृति और परंपरा की मिसाल है।

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 21, Dhaka

Name of the Candidate:- Pawan kumar Jaiswal

Sl. No.		Criminal Antecedents		
1.	a	Nature of the Offences	U/s 171(A), 188 IPC	U/s 171(G), 188 IPC
	b	Case no.	Ghora Sahan P.S. Case no. 329/15	Dhaka P.S. Case no. 244/15
	c	Name of the Court	अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी, सिकरहना, ढाका, पूर्वी चम्पारण	अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी, सिकरहना, ढाका, पूर्वी चम्पारण
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No	Yes
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	NOTHING	NOTHING
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	He is a social activist and a sitting MLA. He has been working for the betterment of his constituency. He has done a tremendous work in the development of sports activities in his constituency. He has also worked for the upliftment of women, health sector and education by introducing various schemes.	
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	The case against him is trivial in nature and relates to election. In view of his selfless contribution to his local area and his constituency, he has been preferred over others.	

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

भारतीय सेना और मगध विश्वविद्यालय के बीच समन्वय बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बोधगया। शनिवार को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में भारतीय सेना के अधिकारियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य गया में चल रही सेना भर्ती रैली की तैयारियों की समीक्षा करना, उसकी प्रक्रियाओं को और अधिक सुचारु बनाना तथा विद्यार्थियों में भर्ती से संबंधित जागरूकता बढ़ाना था। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने की। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सिद्धनाथ प्रसाद यादव, कुलानुशासक प्रो. उपेंद्र कुमार और गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सीमा पटेल उपस्थित रहीं। भारतीय सेना की ओर से कर्नल आर. मदन मोहन, निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय गया; मेजर अविनाश गिरी, भर्ती चिकित्सा अधिकारी; और एस.एम. एच.एन. सिंह, सहायक भर्ती अधिकारी, गया उपस्थित हुए। बैठक के दौरान कर्नल आर. मदन मोहन ने कुलपति को भारतीय सेना का स्मृति चिह्न भेंट किया। इसके बाद सेना के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया और परिसर की अवसंरचना एवं हरित वातावरण की सराहना की। बैठक में दोनों संस्थानों के बीच भविष्य में शैक्षणिक और प्रशिक्षण सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई, ताकि युवाओं को रोजगार और राष्ट्रसेवा के बेहतर अवसर मिल सकें। कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय सदैव युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रसेवा की दिशा में प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सेना भर्ती से जुड़े ऐसे प्रयास विश्वविद्यालय के गौरव को और बढ़ाते हैं। मगध विश्वविद्यालय मीडिया प्रकोष्ठ ने बताया कि यह बैठक न केवल भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है, बल्कि विश्वविद्यालय और भारतीय सेना के बीच आपसी सहयोग और साझेदारी की भावना को भी सुदृढ़ करती है।

उर्दू कविताओं में जगमगाए दिवाली के दीये – मगध विश्वविद्यालय में हुआ रचनात्मक आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में शनिवार को दिवाली के अवसर पर रचनात्मकता और सांस्कृतिक सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला। विभाग में कक्षा गतिविधि के तहत दिवाली आधारित कार्ड बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का विषय ल्लदिवाली पर उर्दू में रचित कविताएंङ्क रखा गया था। आयोजन का संचालन उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. शकीला निगार के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शकीला निगार ने कहा कि उर्दू भाषा हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहज़ीब की अक़्क़ास है। उन्होंने बताया कि उर्दू साहित्य में न सिर्फ़ इस्लामी पर्व जैसे ईद, शबे-बारात और मुहर्रम पर कविताएं लिखी गई हैं, बल्कि होली, दिवाली और जन्माष्टमी जैसे भारतीय त्यौहारों पर भी कवियों ने समान उत्साह से रचनाएं की हैं। उन्होंने विशेष रूप से जनकवि नज़ीर अकबराबादी का उल्लेख किया, जिन्होंने दिवाली पर तीन अलग-अलग कविताएं लिखीं। इसके साथ ही नज़ीर बनारसी, हैदर बयाबानी, आफ़ताब रईस पानीपति, मोहम्मद सिद्दीक़ मुस्लिम, शाद आरफ़ी, आदिल हयात, अबरार कीरतपुरी, अर्श मलसियानी, शातिर हकीमी और चरख चिन्योटी जैसे कवियों ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से हिंदुस्तान की सांस्कृतिक एकता और साझा विरासत को मज़बूती दी है। प्रतियोगिता की खासियत यह रही कि विद्यार्थियों ने दिवाली पर आधारित कविताएं हिंदी और उर्दू–दोनों भाषाओं में प्रस्तुत कीं। उन्होंने एक-दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दीं और साहित्य के माध्यम से सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश फैलाया। कार्यक्रम में ग़ज़ाला इमरान, फतुहन निसा, कशफ़ी परवीन, सादिया तसनीम, रौशन कोनैन, जेबा नाज़, नेहा खानम, नेहा परवीन, मिदहत नाज़नीन, खुशनुमा परवीन, खुशबू परवीन, उजमा परवीन और तसनीम खानम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायकों ने रचनात्मकता, भाषा की शुद्धता और प्रस्तुति की प्रभावशीलता के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में ग़ज़ाला परवीन ने प्रथम स्थान, रौशन कोनैन ने द्वितीय स्थान और जेबा नाज़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. शकीला निगार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल गंगा-जमुनी तहज़ीब की जड़ों को और प्रगाढ़ करता है, बल्कि विद्यार्थियों में सृजनात्मक सोच, भाषा प्रेम और अनुसंधान की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

शेरघाटी में उदय सिंह का भव्य स्वागत

लोजपा का सिंबल मिलने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। विधानसभा क्षेत्र 226 से लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) का सिंबल मिलने के बाद प्रत्याशी उदय सिंह उर्फ उदय यादव के शेरघाटी आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। टिकट की घोषणा के बाद से ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। शुक्रवार को जैसे ही उदय यादव शेरघाटी पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और उदय यादव जिंदाबाद के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। स्वागत समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता धनराज शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष द्वारका प्रसाद, लोजपा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, हम जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश उर्फ लाला सिंह, नगर अध्यक्ष राधेश्याम सिंह, अजीत मिश्रा, दीनानाथ पांडे तथा मंडल अध्यक्ष रवि कुमार सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने 20 अक्टूबर को रंगलाल हाई स्कूल के मैदान में आयोजित सभा में शामिल होने का आह्वान किया।

17 वर्षीय लड़की को शादी की नीयत से भगाया, पांच पर मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी को शादी की नियत से भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में शुक्रवार की सुबह 11 बजे कोंच थाना में कांड संख्या 496/25 दर्ज की गई है। खजूरी पंचायत के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने आवेदन देकर बताया है कि उनकी पुत्री कन्या उच्च विद्यालय में पढ़ने जाती थी। बीते 13 अक्तूबर को वह स्कूल के लिए घर से निकली, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास के गांवों में काफी खोजबीन की, तब जानकारी मिली कि कोंच पंचायत के एक गांव में रहने वाला युवक, जो पूर्व से उनकी पुत्री के साथ संपर्क में था अपने रिश्तेदारों की मदद से उसे शादी की नियत से भगा ले गया है।

वजीरगंज विस क्षेत्र से चितरंजन कुमार उर्फ चिंटू ने भरा नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मानपुर। वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी चितरंजन कुमार उर्फ चिंटू ने शनिवार को भव्य जनसमर्थन के साथ अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के अवसर पर वजीरगंज विस मानपुर के एक निजी होटल में बड़ी संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता और स्थानीय जनता मौजूद हुए। नामांकन से पूर्व चितरंजन कुमार ने मां सावित्री निवास, वजीरगंज-फतेहपुर रोड स्थित अपने निवास से एक जनसंकल्प शोभा निकाली जिसमें हजारों की भीड़ ने 'जय भीम' और 'बसपा जिंदाबाद' के नारों से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर चितरंजन कुमार ने कहा कि मैं वजीरगंज की जनता के आशीर्वाद और स्नेह का आकांक्षी हूं। उनका विश्वास ही मेरी असली ताकत है। मैं इस धरती के विकास, सम्मान और

हिंदी के विकास के लिए पीएनबी गया मंडल प्रतिबद्ध : चैता कुमार पंडा

पीएनबी गया मंडल कार्यालय में हिंदी माह के तहत प्रतियोगिताएं और पुरस्कार वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। 17 अक्टूबर 2025 को पंजाब नैशनल बैंक के मंडल कार्यालय गया में हिंदी माह के अवसर पर स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 14 सितंबर से आरंभ हुए हिंदी माह के दौरान आयोजित विभिन्न राजभाषा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन मंडल कार्यालय के सभा कक्ष में हुआ, जहां मंडल प्रमुख चैता कुमार पंडा ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। हिंदी माह के दौरान निबंध लेखन, ऑनलाइन राजभाषा एवं सामान्य ज्ञान, कार्यालय टिप्पण लेखन और पत्र लेखन जैसी विविध प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं की संकल्पना उप मंडल प्रमुख उपेंद्र चतुर्वेदी ने की थी, जबकि आयोजन की कार्यान्वयन जिम्मेदारी दिवाकर कुमार ने निभाई। समारोह के दौरान गृह मंत्रालय द्वारा जारी राजभाषा प्रतिज्ञा पत्र का सामूहिक वाचन किया गया और वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव द्वारा जारी संदेश का भी पाठ किया गया। इस अवसर पर बैंक कर्मचारियों ने हिंदी को कार्य की प्रमुख भाषा के रूप में अपनाने और इसके अधिकाधिक प्रयोग का संकल्प लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में रामकुमार, आयुष सिंहा, कुमार नीरज राज, अपराजिता परिहार, बैजू शंकर और प्रवेश कुमार को विजेता घोषित किया गया। गौरतलब है कि इस वर्ष गुजरात के गांधीनगर में 14 और 15 सितंबर को राष्ट्रीय स्तर पर राजभाषा दिवस एवं राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया था। उस आयोजन से प्रेरित होकर पीएनबी गया मंडल कार्यालय ने भी हिंदी माह के दौरान भाषा-संवर्धन और सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए यह विविध कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों ने कहा कि हिंदी केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि जनभाषा है, जो कार्यकुशलता और एकता दोनों को सशक्त बनाती है।

बसपा प्रत्याशी राघवेंद्र नारायण यादव ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरुआ। विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी राघवेंद्र नारायण यादव ने शनिवार को भारी जनसमर्थन के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर हजारों की संख्या में उनके समर्थक अपने-अपने साधनों से टेकारी अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और समर्थन दिया जिससे क्षेत्र में भारी जनसैलाब देखा गया। नामांकन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राघवेंद्र नारायण यादव ने कहा गुरुआ की जनता मुझे नेता नहीं, बल्कि बेटा और भाई की तरह स्नेह दे रही है। यह स्नेह और समर्थन ही मेरी ताकत है। मैं हर गांव में जाकर लोगों से मिल रहा हूं और लोगों का प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा मैं हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहा हूं और जीवन भर समाज की सेवा के लिए

टिकारी विधानसभा क्षेत्र से दर्जन भर उम्मीदवारों ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। शनिवार को अनुमंडल कार्यालय टिकारी में गुरुआ विधानसभा और टिकारी विधानसभा क्षेत्र से दर्जन भर उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन के समक्ष उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया।

टिकारी विधानभा से नामांकन पर्चा भरने वाले उम्मीदवारों में जन सुराज पार्टी से शशि यादव, शोषित समाज दल से पुनम कुमारी, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी से रामजीत सिंह, अखिल हिन्द फॉरवर्ड ब्लॉक (क्रांतिकारी) से रघुवीर पासवान, न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी से मुकेश सिंह और समता पार्टी से धमेंद्र पासवान ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसी तरह गुरुआ विधानसभा से निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर अमेत विक्रम बैनामी के समक्ष नामांकन एनडीए समर्थित उम्मीदवार उपेंद्र दांगी समेत कई उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। रिपोर्ट के अनुसार भाजपा से उपेंद्र दांगी, न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी से उमेश कुमार, बहुजन समाज पार्टी से राघवेन्द्र नारायण यादव, युवा समृद्धि दल से अनिल सिंह, अखिल हिन्द फॉरवर्ड ब्लॉक (क्रांतिकारी) से समता कुमार ने पर्चा दाखिल किया है।

जनसुराज से नामांकन दाखिल करने आये शशि यादव अपने कई कैमरा मैन के साथ नामांकन कक्ष तक प्रवेश किया था। शशि यादव के साथ ड्रोन कैमरा लिए ऑपरेटर भी अंदर प्रवेश किये। शशि यादव नामांकन दाखिल कर रहे थे इस दौरान अनुमण्डल परिसर में। ऑपरेटर ड्रोन कैमरा उड़ाने लगा, लेकिन परिसर में तैनात सेक्टर पदाधिकारी व सुरक्षा कर्मी बेखबर रहे। जानकारी हो कि बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं है।

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 182 - BANKIPUR

Name of the Candidate:- SHRI NITIN NAVIN

Sl. No		Criminal Antecedents					
1.	a	Nature of the Offences	U/S 143, 341, 188, 431, 290 IPC	U/S 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338 & 353 IPC	U/S 147, 149, 188, 291, 342, 504 IPC	U/S 147, 341, 323, 504, 353 IPC	U/S 188 IPC एवं बिहार लोक सम्पत्ति विरूपन अधिनियम
	b	Case no.	Kotwali, Patna PS Case no. 469/15	Kotwali PS Case no. 516/2023,Patna	Kotwali PS Case No. 1133/19	S.K. Puri, Patna PS Case no. 303/13	Secretariate PS Case no. 56/14
	c	Name of the Court	Special Court, Patna, Kotwali	CJM, Patna	CJM, Patna	सब जज–4, पटना ACJM , Patna	श्रीमती माधुरी सिंह J.M. First Class, Patna
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No	No	No	No	No
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Nothing	Nothing	Nothing	Nothing	Nothing
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	He is a social activist and a sitting MLA. He has been working for the betterment of his constituency. As a sitting MLA, he has been tirelessly working for the people of Patna and whole of Bihar.				
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	The cases against him are trivial in nature. As he has worked for his constituency, he has been preferred.				

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 10 - RAXAUL

Name of the Candidate:- SHRI PRAMOD KUMAR SINHA

Sl. No.		Criminal Antecedents	
1.	a	Nature of the Offences	U/S 420, 477A, 109, 120B IPC & 5(2) R/W 5(1)(d) of P.C. Act
	b	Case no.	VIGILANCE PATNA PS Case no. 22/87
	c	Name of the Court	Special Court Vigilence, Muzaffarpur
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	YES
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Nothing
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	Shri Pramod Kumar Sinha is a social activist and ground rooted person who works for the betterment and development of the people of his constituency. Because of his hard work amongst the people specially socially and economically deprived people and therefore he has become very popular in his constituency.
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	The case against Shri Pramod Kumar Sinha is in trivial in nature and has been lodged against him because of political rivalry. Considering his dedication towards the people of his constituency and his willingness to do the development work, the party has preferred him amongst other.

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

संपादकीय

अब मेडागास्कर में जेन-जी क्रांति!

बांगलादेश और नेपाल के बाद भारत में भी जिस जेन-जी क्रांति की संभावना जताई जा रही थी, वह भारत में भले न हुई हो, लेकिन अफ्रीका के एक सुदूर द्वीप देश मेडागास्कर में जरूर हो गई है। युवाओं के उग्र आंदोलन के बाद वहां के राष्ट्रपति एंड्री राजोलिना देश छोड़कर भाग गए हैं और सेना ने सत्ता पर कब्जे का दावा किया है। लेकिन इसमे भी पेंच फंस गया है, क्योंकि मेडागास्कर की मुख्य सैन्य यूनिट सीएपीएसएटी के प्रमुख कर्नल माइकेल रेनड्रीयानीरीना शुक्रवार को नए राष्ट्रपति की शपथ लेने वाले थे। कर्नल रेनड्रीयानीरीना मेडागास्कर गणराज्य के पुर्नस्थापना दिवस पर 17 अक्टूबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले थे। इससे मीडिया में प्रचारित भी किया गया था। लेकिन अफ्रीकी देशों के संगठन अफ्रीकन यूनियन ने इसे नामंजूर करते हुए चेतावनी दी है कि अगर ऐसा हुआ तो वह यूनियन मेडागास्कर की सदस्यता निलंबित कर देगा। उधर देश छोड़कर भागे राष्ट्रपति रोजालिना ने दावा किया कि वो अभी भी देश के वैध राष्ट्रपति हैं। उन्होंने अभी तक पद से इस्तीफा नहीं दिया है। राष्ट्रपति रोजालिना के देश छोड़ने के बाद सेना ने देश की वैधानिक संस्थाओं को भी निलंबित कर दिया था। उधर रोजालिना के देश से भागने के बाद उनके खिलाफ संसद ने उनके खिलाफ महाभियोग चला दिया है। राष्ट्रपति रोजालिना भी 2009 में तख्तापलट के बाद सत्तासीन हुए थे और तीसरी बार फिर राष्ट्रपति चुने गए थे। यह चुनाव विवादों में रहा था और देश की विपक्षी पार्टियों और खुद रोजालिना के कुछ समर्थकों ने भी इसका विरोध किया था। देश में रोजालिना की सत्ता के खिलाफ जेन जी ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए थे। युवा देश में पानी, बिजली में कटौती, सरकारी भ्रष्टाचार और गरीबी, उच्च शिक्षा की सीमित लोगों तक पहुंच के खिलाफ युवा सड़कों पर उतरे थे। उन्हें श्रमिक यूनियनों और अन्य सिविल संस्थाओं का समर्थन भी मिला। बाद में सेना भी इसमें शामिल हो गई। देश में विरोध की आग भड़क उठी और नया राजनीतिक संकट पैदा हो गया। शनिवार को अचानक सेना की सबसे ताक़तवर यूनिट सीएपीएसएटी के सुरक्षाबलों ने अपनी बैरकों को छोड़ दिया और प्रदर्शनकारियों के साथ जुड़ गए। दो दिन बाद रिपोर्ट्स आईं कि रजोएलिना फ्रांसिसी सेना की सहायता से दुबई भाग गए हैं। पूरे आंदोलन को सेना ने हाईजैक कर लिया। जहां तक कर्नल रेन्ड्रीआनीरीना का सवाल है तो वो काफी पहले से राष्ट्रपति रोजालिना की नीतियों के आलोचक रहे हैं। यहां तक कि राष्ट्रपति को हटाने का षड्यंत्र रचने के आरोप में उन्हें कई महीनों तक जेल में रहना पड़ा था। वैसे करीब 3 करोड़ की आबादी वाले मेडागास्कर में सेना सत्ता के खेल में बड़ा कारक रही है। उल्लेखनीय है कि मेडागास्कर को 1960 में फ्रांस से आजादी मिली थी। इसके पहले वह फ्रांस का उपनिवेश था। इसके पहले जब 2009 में राजोलिना ने तत्कालीन राष्ट्रपति मार्क रावालोमानाना को हटाकर सत्ता पर क़ब्ज़ा किया था तो सेना ने उनका समर्थन किया था। सत्ता पर काबिज होते ही वहां सेना ने घोषणा कर दी कि देश में सभी संवैधानिक अदालत और चुनाव आयोग सहित प्रमुख लोकतांत्रिक संस्थाओं को निलंबित कर दिया गया है। सीएपीएसएटी के प्रमुख कर्नल माइकल रेंड्रियानिरिना ने कहा है कि वह अगले 18 महीने से दो साल के अंदर चुनाव कराएंगे। उन्होंने कहा कि मेडागास्कार के जेन ज़ी प्रदर्शनकारी इस बदलाव का हिस्सा होंगे क्योंकि 'सड़कों पर यह आंदोलन शुरू हुआ था और हमें उनकी मांगों का सम्मान करना होगा।' कर्नल ने कहा कि उनके साथी अफ़सरों और उनके पास वर्तमान शासन को हटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। मेडागास्कर एक गरीब देश है और काफी कुछ विदेशी मदद पर निर्भर है। 2009 में हुए तख्तापलट के बाद देश पाँच साल तक राजनीतिक गतिरोध में फंसा रहा, जिससे अंतरराष्ट्रीय आलोचना और आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा। अब देखने की बात यह है कि कर्नल माइकल रेंड्रियानिरिना शुक्रवार को पद की शपथ ले पाते हैं या नहीं। अगर नहीं ले सके तो मेडागास्कर में राजनीतिक संकट और गहरा सकता है। सवाल यह भी है कि क्या कर्नल माइकल रेंड्रियानिरिना अफ्रीकन यूनियन के विरोध को नजर अंदाज कर राष्ट्रपति बनेंगे। और बने भी तो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मान्यता कितनी मिलेगी? नहीं मिली तो मेडागास्कर में राजनीतिक संकट और गहराएगा।

अम्बेडकर एवं संविधान पर विवाद के अर्थ

मध्य प्रदेश में बहस में डॉ. अम्बेडकर इसलिए नहीं आए हैं कि उनका अस्पृश्य समाज को लेकर बहुत बड़ा कार्य है बल्कि वह संविधान के बहाने चर्चा में हैं। विवाद अब तो गहराता जा रहा है। अफ्रीकी देश जहाँ वर्षों से रंगभेद के खिलाफ संघर्ष होते हैं वहां भी उस देश के संविधान या उसके निर्माता कौन थे, इस पर बहस नहीं होती लेकिन मध्य प्रदेश में हो रही है कि हमारे देश के संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर नहीं थे। कुछ दिन पूर्व मैं एक आलेख लिख रहा था डॉ. अम्बेडकर के धम्मचक्र प्रवर्तन की अंतर्यात्रा। इस आलेख लिखने के दौरान मुझे पता चला कि डॉ. अम्बेडकर ने स्वयं को संविधान निर्माता कहा है। रंगून में उन्होंने एक भाषण दिया था उसका अंश है कि मैं भारतीय संविधान का शिल्पकार हूं। मैंने वह संविधान बनाया है। एक बात यह कि उसमें पाली भाषा के उत्थान का प्रबंध मैंने कर रखा है, और, दूसरी बात यह कि, राष्ट्राध्यक्ष के राजवाड़े के ऊपर गौतम बुद्ध के उपदेशों में से पहला चरण धम्मचक्र परिवर्तन लिख दिया है।

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



भारत के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश में डॉ. अम्बेडकर इन दिनों चर्चा में हैं। संविधान में डॉ. अम्बेडकर के योगदान को छिड़े विवाद ने जातीय राजनीति में हलचल मचा दिया है। डॉ. अम्बेडकर एक अच्छे अधिवक्ता थे। उन्होंने अपने जीवन में ऐसे समाज के लिए पर्याप्त आन्दोलन किया जिससे अस्पृश्य समाज सम्मान प्राप्त कर सके। अस्पृश्य समाज की आवाज़ के रूप में डॉ. अम्बेडकर को विशिष्ट पहचान मिली। अम्बेडकर ज्योतिबा फुले को अपना गुरु मानते थे। एक तरह से समकालीन थे। औरंगाबाद में फुले और अम्बेडकर की मूर्ति अगल-बगल लगी है। दलित समाज में ज्योतिबा फुले के भी योगदान को ऐतिहासिक माना जाता है। डॉ. अम्बेडकर ने भी विभिन्न मंचों पर यह स्वीकार किया कि महात्मा फुले के ही कार्य को हम आगे बढ़ा रहे हैं।

मध्य प्रदेश में बहस में डॉ. अम्बेडकर इसलिए नहीं आए हैं कि उनका अस्पृश्य समाज को लेकर बहुत बड़ा कार्य है बल्कि वह संविधान के बहाने चर्चा में हैं। विवाद अब तो गहराता जा रहा है। अफ्रीकी देश जहाँ वर्षों से रंगभेद के खिलाफ संघर्ष होते हैं वहां भी उस देश के संविधान या उसके निर्माता कौन थे, इस पर बहस नहीं होती लेकिन मध्य प्रदेश में हो रही है कि हमारे देश के संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर नहीं थे। कुछ दिन पूर्व मैं एक आलेख लिख रहा था डॉ. अम्बेडकर के धम्मचक्र प्रवर्तन की अंतर्यात्रा। इस आलेख लिखने के दौरान मुझे पता चला कि डॉ. अम्बेडकर ने स्वयं को संविधान निर्माता कहा है। रंगून में उन्होंने एक भाषण दिया था उसका अंश है कि मैं भारतीय संविधान का शिल्पकार हूं। मैंने वह संविधान बनाया है। एक बात यह कि उसमें पाली भाषा के उत्थान का प्रबंध मैंने कर रखा है, और, दूसरी बात यह कि, राष्ट्राध्यक्ष के राजवाड़े के ऊपर गौतम बुद्ध के उपदेशों में से पहला चरण धम्मचक्र परिवर्तन लिख दिया है। यह डॉ. अम्बेडकर सम्पूर्ण वांग्मय के 40वें खंड में उद्धृत है जहाँ डॉ. अम्बेडकर ने संविधान का शिल्पकार स्वयं को बताया है।

अब जब मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता अनिल तिवारी यह कह रहे हैं कि डॉ. अम्बेडकर संविधान के शिल्पकार नहीं थे बल्कि बी. एन. राव थे तो अस्पृश्य समाज का प्रतिरोध शुरू हो गया है। दलित समाज के लोगों ने न केवल रोष व्यक्त किया बल्कि एडवोकेट अनिल तिवारी के ऊपर मुकदमा भी दर्ज करवाया। बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं। दलित समाज में गुस्सा है। यह विषय अब आपसी रंजिश का कारण दलितों और ब्राह्मणों के बीच बनती जा रही है। इस सब के पीछे कौन है, यह तो नहीं पता लेकिन इससे समाज में अस्थिरता और आपसी तनाव तो बढ़ा है। मध्य प्रदेश में ऐसे अनेक प्रकरण हाल के वर्षों में सामने आए जिस पर अफ़सोस जाताना नाकाफी है। दलितों के साथ किया जाने वाला सामंती व संभ्रांत अभिजात्य समाज का बर्ताव बहुत ठीक नहीं रहा है। संभ्रांत बड़ी जातियों के लोगों ने दलितों को हिंसा का शिकार बनाया। उन्हें मारा। अभद्र टिप्पणी की। यह सब मीडिया में बातें आयीं और चली भी गयीं किन्तु दलितों का सशक्तीकरण न आया और न आने वाला है। यह जो दलित बनाम संभ्रांत ऊंची जातियों का आपसी तनाव है डॉ. अम्बेडकर के संविधान योगदान को लेकर यह भी एक ऐसी घटना बनने जा रही है जो निरंतर आगे चलती रहने वाली है। सच तो यह है की न ही बी। एन। राव ने संविधान बनाया और न ही डॉ. अम्बेडकर ने। संविधान को निर्मित करने वाली संविधात्री सभा थी। संविधान को निर्माण करने वाली विभिन्न समितियां थीं और उसमें देश के अनेक प्रतिष्ठित लोग सम्मिलित हुए थे। इसका श्रेय कोई एक व्यक्ति ले ही नहीं सकता। ड्राफ्टिंग कमिटी इसलिए महत्वपूर्ण मानी जाती है क्योंकि इसको सही स्वरूप विभिन्न बहस के बाद इसी समिति द्वारा दिया गया। यह बात भूलने वाली नहीं है कि इस पूरे संविधान निर्माण में स्त्रियों का भी अहम् योगदान था। देश की 15 महिलाओं ने भी इस संविधान के निर्माण में अपना बौद्धिक सहयोग दिया है। इसलिए यह बात तो एक सिरे से ख़ारिज की जानी ही चाहिए और सभी को यह स्वीकार भी करना चाहिए कि भारतीय संविधान एक कलेक्टिव एफर्ट्स का नतीजा है और इसमें प्रतिबिंबित सभी तत्व भारतीयता से जुड़े हैं और सबके अधिकारों व कर्तव्यों से जुड़े हैं।

आज़ादी के अमृत काल से आगे बढ़ती आज़ की आबादी न आजने क्यों संविधान किसने बनाया और किसने नहीं बनाया, इस विवाद में उलझती जा रही है जबकि भारत में वैसे भी अनेक ऐसे मुद्दे हैं जिसका निराकरण व समाधान ज़ल्दी हो जाए तो अच्छा होगा। देश में जो सबसे ज़रूरी बदलाव हो सकते हैं उस पर काम करने के बजाय इस बात पर बहस हो रही है कि संविधान किसने बनाया। डॉ. अम्बेडकर ने अपना जो भाषण दिया था संविधान सभा में समापन भाषण उसमें वह एक बात कहते हैं कि गाँव में आग लगी है और कहर मस्त हैं नाचने में। आज़ के भारत में कुछ ऐसा ही महसूस किया जा सकता है। यह कौन बनाया, कौन नहीं बनाया, बहस ही बेवजह की है। जिसने भी बनाया, संविधान बना। वैसे भी इस संविधान को प्लैगरिज्म का शिकार माना जाता है किन्तु संविधान है तो वह अपने लागू होने से मौलिक माना ही जा रहा है। इस संविधान के विनिर्मिति की बहस से ज्यादा ज़रूरी है कि देश में ज़रूरी मुद्दे व घटनाएँ जो देश की संप्रभुता, इसके एकत्व व समरसता को खंडित करने पर लगे हुए हैं, उससे निपटा जाए। डॉ. अम्बेडकर की वह कहावत कहारों वाली आज के समाज पर भी लागू होती है।

अब भारत एक ऐसे मोहाने पर खड़ा है जहाँ प्रतिस्पर्धा करने का हमें आमंत्रण है। किसी भी जाति धर्म लिंग व भाषा के हम हों हमें अपने संविधान व संवैधानिक मूल्यों के साथ जीने की आदत डालनी चाहिए। सबसे ज़रूरी है कि दलित यह दावा न करें कि संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर हैं और सवर्ण न कहें कि डॉ. अम्बेडकर देशद्रोही थे और उन्होंने संविधान नहीं लिखा यह संविधान बी। एन। राव ने बहुत पहले लिख दिया था। यह बेकार की बाते हैं। इससे देश को मिलने-जुलने वाला नहीं है। देश को बहुत आगे ले जाना है। विश्व के साम्राज्यशाली देशों से भारत को बहुत से मोर्चे पर लड़ना है और साबित करना है। राष्ट्र की अवनति करना हो तो ज़रूर इस प्रकार के विषयों पर बहस हो और देश को पतन के रास्ते पर झोंक दिया जाए। इस विषय को लेकर ध्रुवीकरण की राजनीति बिल्कुल भारत के लिए ठीक नहीं है। राजनीतिक दल ऐसे विवादित संभाषण करने वालों और आरोप-प्रत्यारोप करने वालों का वहिष्कार करें तो अच्छा होगा। जब संविधान अंगीकार किया गया तो डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने हृदय से सम्मान किया था डॉ. अम्बेडकर का और उनकी प्रशंसा की थी। उन दिनों इस तरह का कोई विवाद नहीं आया की डॉ. अम्बेडकर आपने संविधान नहीं बनाया इसे तो बी। एन। राव ने बनाया। आज के लोगों का दिल बड़ा नहीं है और दिमाग भी बहुत संकुचित हो गया है। ऐसे में भारत का भविष्य ही एक अंधकार के आगोश में इन कृत्यों से बढ़ चला है। यदि इसे सही से रोका नहीं गया तो यह विवाद आने वाले समय में कई प्रकार की हिंसा का कारण बनेगा।

अध्यात्म

दूसरों की बुरी बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए, अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं

हमारे आसपास कुछ लोग ऐसे हो सकते हैं जो हमें पसंद नहीं करते और इस वजह से हमारे लिए बुरी बातें प्रचारित करते हैं, हमारी बुराई करते हैं। दूसरों की बुरी बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा?

पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए। संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

पराली जलाने की आग में झुलसता उत्तर भारत

हर वर्ष जब धान की कटाई का मौसम आता है, तब पंजाब और हरियाणा के खेतों से उठने वाला धुआँ आसमान को धुंध से भर देता है। यह केवल खेतों की आग नहीं होती, बल्कि भारत की कृषि नीति, आर्थिक असमानता और पर्यावरणीय असंतुलन की जलती हुई तस्वीर होती है। दिल्ली तथा उसके आस-पास के क्षेत्र इस धुएँ से ढक जाते हैं और वायु गुणवत्ता अत्यंत गंभीर स्तर तक पहुँच जाती है। कानूनी रूप से पराली जलाना प्रतिबंधित है, फिर भी किसान इसे हर साल दोहराते हैं क्योंकि इसके पीछे अनेक सामाजिक और आर्थिक कारण जुड़े हैं। पराली जलाने का मूल कारण खेतों में बचा हुआ धान का ठूँठ होता है। जब धान की फसल कट जाती है, तब खेत में रह गए अवशेष को हटाने के लिए किसानों के पास न समय होता है न साधन। पंजाब और हरियाणा की कृषि व्यवस्था मुख्य रूप से धान और गेहूँ पर आधारित है। सन् 1960 के दशक की हरित क्रांति ने इन राज्यों को देश का अन्न भंडार तो बना दिया, परंतु कृषि को एकरूपी और जल-प्रधान भी बना दिया।

डॉ. प्रियंका सौरभ

भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकने के लिए सन् 2009 में पंजाब में 'उप-जल संरक्षण अधिनियम' लागू किया गया, जिसके अंतर्गत धान की रोपाई जून के अंत तक करने का निर्देश दिया गया ताकि मानसूनी वर्षा का लाभ लिया जा सके।

परिणामस्वरूप धान कटाई और गेहूँ की बुवाई के बीच केवल दस से बीस दिन का अंतर रह गया। इतने कम समय में किसान पराली को एकत्रित या सड़ाकर खेत तैयार नहीं कर सकते, इसलिए वे सबसे तेज़ और सस्ता उपाय–जलाना–चुन लेते हैं। दूसरा बड़ा कारण आर्थिक है। पराली हटाने या निपटाने के लिए जो मशीनें चाहिए–जैसे सुपर स्ट्रॉ प्रबंधन प्रणाली, हैप्पी सीडर, बेलर या रोटावेटर–वे अत्यंत महँगी हैं। छोटे और सीमांत किसान जिनकी जोत तीन हेक्टेयर से भी कम है, वे इन मशीनों को खरीदने या किराए पर लेने में असमर्थ हैं। उदाहरण के लिए, हैप्पी सीडर का किराया लगभग दो से तीन हज़ार रुपये प्रति एकड़ पड़ता है, जबकि पराली जलाने में केवल माचिस और थोड़े डीज़ल का खर्च आता है। यही व्यावहारिकता इस समस्या को गहराई तक जकड़े हुए है।

तीसरा कारण पराली का कम उपयोग मूल्य है। पंजाब और हरियाणा में बोई जाने वाली अधिकतर धान की किस्में साधारण होती हैं, जिनमें सिलिका की मात्रा अधिक होती है। ऐसी पराली पशु चारे के रूप में प्रयोग योग्य नहीं होती और न ही इससे जैव ईंधन या खाद आसानी से बनाई जा सकती है। पूर्वी भारत के राज्यों में धान की पराली पशुओं के चारे के रूप में प्रयोग में आती है, परंतु पंजाब-हरियाणा में यह उपयोग सीमित है। इसीलिए यहाँ पराली किसानों के लिए किसी आर्थिक लाभ का साधन नहीं बन पाती।

चौथा कारण है श्रम की कमी और जोत का विखंडन। प्रवासी मजदूरों की संख्या घट रही है, और छोटे खेतों में मशीनरी लगाने की क्षमता नहीं है। समय की कमी और श्रमिकों के अभाव में किसान अगली फसल बोने की जल्दी में पराली को जला देते हैं। सामाजिक दृष्टि से भी पराली जलाना वर्षों से एक स्वीकृत प्रक्रिया बन चुकी है। किसानों को यह लगता है कि खेत की सफाई का यही सबसे आसान और पारंपरिक तरीका है। कानूनों और जुर्मानों के बावजूद यह प्रथा इसलिए जारी है क्योंकि प्रवर्तन ढीला है और राजनीतिक दबावों के कारण प्रशासन कठोर कार्रवाई नहीं कर पाता। वर्ष 2023 में पंजाब में लगभग साठ हज़ार पराली जलाने की घटनाएँ दर्ज की गईं, जबकि जुर्माना और निगरानी दोनों व्यवस्था में थे।

अब प्रश्न यह है कि इस समस्या का स्थायी समाधान क्या हो सकता है? स्पष्ट है कि केवल प्रतिबंध या दंड इस समस्या को समाप्त नहीं कर सकते। आवश्यक है कि ऐसी रणनीति अपनाई जाए जो किसान की आजीविका और पर्यावरण संरक्षण दोनों को साथ लेकर चले। पहला समाधान है फसल विविधीकरण। पंजाब और हरियाणा की भूमि लगातार धान-गेहूँ चक्र से थक चुकी है। जल स्तर भी नीचे जा रहा है। अतः मक्का, दलहन, तिलहन और बागवानी फसलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इन फसलों के लिए यदि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य, बीमा सुरक्षा और निश्चित खरीद सुनिश्चित करे तो किसान धीरे-धीरे धान पर निर्भरता कम कर सकते हैं। हरियाणा की 'भावांतर भरपाई योजना' इस दिशा में एक अच्छा उदाहरण है, जिसमें किसानों को मूल्य अंतर की भरपाई दी जाती है।

दूसरा समाधान है यंत्रीकरण और साझा संसाधन। किसानों को मशीनें साझा उपयोग के लिए उपलब्ध कराई जाएँ। पंचायत या सहकारी समितियों के स्तर पर 'कस्टम हायरिंग केंद्र' स्थापित हों, जहाँ से किसान कम किराए पर हैप्पी सीडर या सुपर स्ट्रॉ प्रबंधन प्रणाली जैसी मशीनें ले सकें। केंद्र सरकार की 'फसल अवशेष प्रबंधन योजना' के अंतर्गत पंजाब और हरियाणा में एक लाख से अधिक मशीनें बाँटी गई हैं, पर इनकी पहुँच सभी किसानों तक नहीं हो पाई है। यदि हर गाँव में सामुदायिक यांत्रिक केंद्र बने, तो किसान पराली जलाने से बचेंगे। तीसरा उपाय है पराली का औद्योगिक उपयोग। पराली को कचरा न मानकर एक संसाधन के रूप में देखा जाए। इससे जैव ऊर्जा, एथेनॉल, कागज़, पैकेजिंग और निर्माण सामग्री तैयार की जा सकती है। उदाहरण के लिए, भारतीय तेल निगम की पानीपत जैव रिफाइनरी प्रतिवर्ष लगभग दो लाख टन पराली से एथेनॉल बनाती है। यदि इस प्रकार की परियोजनाएँ हर जिले में स्थापित हों तो पराली किसानों के लिए आय का स्रोत बनेगी और जलाने की आवश्यकता कम होगी। सरकार को परिवहन सहायता, खरीद अनुबंध और स्थायी बाज़ार उपलब्ध कराने की नीति बनानी चाहिए।

चौथा कदम होना चाहिए कृषि-पर्यावरणीय समय निर्धारण। धान की छोटी अवधि वाली किस्में जैसे पी.आर.-126 या डी.आर.आर. धान-44 अपनाने से किसानों को फसल कटाई और बुवाई के बीच कुछ अतिरिक्त दिन मिल सकते हैं। इस समय का उपयोग पराली प्रबंधन में किया जा सकता है।

इसके साथ-साथ परिशुद्ध कृषि यानी सटीक तकनीकी साधनों का प्रयोग, जल-सिंचाई प्रणाली में सुधार और जैविक खाद उपयोग से भी पर्यावरणीय लाभ मिलेगा। पाँचवाँ, सामुदायिक प्रोत्साहन और जनजागरूकता। पराली न जलाने वाले किसानों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाए, गाँव स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित हो और 'शून्य दहन ग्राम' घोषित किए जाएँ। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में 'पूसा डीकंपोजर' नामक जैविक घोल के प्रयोग से पराली को खेत में ही खाद में बदला जा रहा है। यदि इस तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाया जाए तो पराली जलाने की आवश्यकता नहीं बचेगी। छठा, प्रशासनिक तालमेल और नीति-समन्वय। केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच सामंजस्य होना चाहिए ताकि कृषि, पर्यावरण और ऊर्जा विभाग एक साझा योजना के अंतर्गत काम करें। पराली प्रबंधन को ग्रामीण रोजगार योजना, जैव ऊर्जा मिशन और जलवायु परिवर्तन कार्यक्रमों से जोड़ा जा सकता है। उदाहरण के लिए, मनरेगा के अंतर्गत पराली एकत्रीकरण या जैव खाद इकाइयों में कार्य को रोजगार से जोड़ा जा सकता है।

सातवाँ, शहरी-ग्रामीण सहभागिता भी इस दिशा में उपयोगी होगी। दिल्ली जैसे महानगर जहाँ प्रदूषण का सबसे अधिक प्रभाव होता है, उन्हें अपने सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के माध्यम से पंजाब-हरियाणा के किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। इससे प्रदूषण के स्रोत और पीड़ित क्षेत्र के बीच साझा जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। इसके साथ-साथ तकनीकी निगरानी प्रणाली को भी सशक्त बनाना चाहिए। उपग्रह आधारित आँकड़ों से पराली जलाने की घटनाओं की त्वरित जानकारी मिल सकती है, जिससे स्थानीय प्रशासन समय रहते हस्तक्षेप कर सके। परंतु यह हस्तक्षेप केवल दंडात्मक न होकर सहयोगात्मक होना चाहिए।

इन सभी उपायों का उद्देश्य यह है कि किसान को दोषी नहीं बल्कि भागीदार बनाया जाए। किसान पराली इसलिए जलाते हैं क्योंकि उनके पास व्यावहारिक विकल्प नहीं हैं। जब उन्हें ऐसे विकल्प मिलेंगे जो सस्ते, लाभकारी और पर्यावरण के अनुकूल हों, तो वे स्वयं इस समस्या के समाधान का हिस्सा बनेंगे। अंततः यह समझना होगा कि पराली जलाना केवल पर्यावरणीय संकट नहीं बल्कि सामाजिक-आर्थिक असंतुलन का परिणाम है। इसे रोकने के लिए किसानों के कल्याण, नीति सुधार और तकनीकी समर्थन का समन्वय आवश्यक है।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष
आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें।

वृषभ
अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े हुये कारोबार में धन लाभ होगा। विद्यार्थी आज पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे।

मिथुन
कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। नये कारोबार में नकदी को लेकर परेशानी हो सकती है।

कर्क
आज आप धन की बचत करना चाहेंगे। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। अधिकारियों से बेवजह कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में दखलन्दाजी न करें।

सिंह
अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें। सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें।

कन्या
कानूनी मामलों की अड़चन दूर होगी। लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे।

तुला
आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। आज जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे आपके पक्ष में आ सकते हैं।

वृश्चिक
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बना सकते हैं।

धनु
आज किसी भी तरह की उधारी न करें। दूसरों के कार्यों में दखलन्दाजी न करें। दाम्पत्य सम्बन्धों को समय अवश्य दें। रक्तचाप और शुगर के रोगियों की परेशानी हो सकती है।

मकर
आपको आज प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा।

कुंभ
आपको आज अत्यधिक परिश्रम करने के बाद ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। अपने भविष्य के प्रकल्पों को लेकर लापरवाही न करें। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

मीन
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नयी नौकरी के लिये इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। उच्च अधिकारी आपसे असन्तुष्ट हो सकते हैं।

बनमनखी से उठी डबल इंजन की हुंकार

परिवारवाद के खिलाफ विकास का नया घोषणापत्र

प्रदीप वर्मा बोले– लालू की राजनीति 'कुनबा बचाओ' की, एनडीए की राजनीति 'देश बनाओ' की है

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बनमनखी/पूर्णिया। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बीच सीमांचल का बनमनखी अब केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं रहा, बल्कि यह चुनावी विमर्श का केंद्र बन गया है। शुक्रवार को एनडीए प्रत्याशी कृष्ण कुमार ऋषि के नामांकन सह आशीर्वाद सभा ने राजनीतिक ऊर्जा का ऐसा प्रवाह दिखाया, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि एनडीए इस बार नारे नहीं, नीयत के भरोसे मैदान में उतरा है। मंच पर मौजूद राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के पूर्णिया-कोशी-भागलपुर क्षेत्र के चुनाव प्रभारी प्रदीप वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने जब जनता को संबोधित किया, तो उनकी वाणी में चुनावी आत्मविश्वास और वैचारिक स्पष्टता दोनों झलक रहे थे।

प्रदीप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह नामांकन मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि बनमनखी के विकास का दस्तावेज है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार ने बिहार को वह रफ्तार दी है, जिसकी कल्पना कभी असंभव मानी जाती थी।' वर्मा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, उद्योग और कल्याण योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सरकार सिर्फ. वादे नहीं करती, बल्कि जमीन पर काम करती है। उनके शब्दों में एक ठोस राजनीतिक संदेश था — 'जहां कभी गुंडागर्दी शासन पर भारी पड़ती थी, वहीं अब विकास की बुनियाद जनता के विश्वास पर टिकी है।' सभा के दौरान उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, 'मोदी जी कहते हैं कि 140 करोड़ भारतीय उनका परिवार हैं, जबकि लालू जी का परिवार सिर्फ. राबड़ी देवी तक सीमित है।' यह टिप्पणी सभा के भीतर राजनीतिक व्यंग्य की सबसे तीखी धार के रूप में गूंजी। भीड़ की तालियों और नारों के बीच वर्मा ने महागठबंधन को 'अराजकता, वंशवाद और स्वार्थ की गठरी' बताया और कहा कि बिहार के लोग अब ठहराव नहीं, तरक्की चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'बिहार में अब चुनाव जाति का नहीं, जिम्मेदारी का है; रिश्तेदारी की राजनीति अब जनता की प्राथमिकता नहीं रही।' बनमनखी की यह सभा न केवल कृष्ण कुमार ऋषि के समर्थन में लहर पैदा करने में सफल रही, बल्कि इसने यह भी संकेत दिया कि सीमांचल का मिजाज बदल चुका है। एनडीए के समर्थक अब किसी पुराने समीकरण के भरोसे नहीं, बल्कि विकास और सुशासन के एजेंडे पर एकजुट हैं। वर्मा के भाषण ने एनडीए को एक नई ऊर्जा दी, और भीड़ की प्रतिक्रिया ने साफ कर दिया कि बनमनखी से उठी यह आवाज अब सीमांचल की दिशा तय करने वाली है। निर्वाचन आयोग ने दो चरणों में मतदान की घोषणा की है — पहला चरण 6 नवंबर और दूसरा 11 नवंबर को, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। लेकिन बनमनखी की भीड़ से यह संकेत पहले ही निकल चुका है कि चुनावी हवा किस ओर बह रही है। इस बार का संघर्ष केवल सत्ता का नहीं, विचारों का है — एक ओर वह राजनीति जो रिश्तों को बचाने में व्यस्त है, और दूसरी ओर वह जो राष्ट्र को संवारने में जुटी है। बिहार की जनता अब फैसला उसी आधार पर करने को तैयार है।



पूर्णिया में नारीशक्ति का संगीतमय आलोक सरोज पांडे का भव्य अभिनंदन

■ डॉ. एके गुप्ता ने कहा कि सरोज पांडे हर महिला के लिए आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा हैं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। गुरुवार, 16 अक्टूबर की शाम पूर्णिया में महिलाओं के उत्थान और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक स्थल बना, जब भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे का स्वागत डॉ. अनिल कुमार गुप्ता के आवास पर किया गया। निर्वर्तमान विधायक विजय खेमका, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, डॉ. गुप्ता एवं उनकी पत्नी पिंकी गुप्ता ने उन्हें हृदयस्पर्शी अभिनंदन के साथ शाल और पुष्पांजलि अर्पित की।

डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि सरोज पांडे न केवल नारीशक्ति का उज्जवल प्रतीक हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को सशक्त करने वाली प्रेरक शक्ति भी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की महिला घर की सीमाओं में नहीं, बल्कि समाज और देश के हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मां के नाम पेड़ लगाने का अभियान और पार्टी की महिला इकाई को प्रोत्साहित करना शामिल है। इस अवसर पर पिंकी गुप्ता ने सरोज पांडे के जीवन को हर महिला के लिए मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि उनके छात्र जीवन से ही राष्ट्र और समाज सेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें मेयर, विधायक और सांसद बनने तक पहुंचाया। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज होना उनके अद्वितीय योगदान का प्रमाण है। उनके जीवन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि आत्मनिर्भरता और समाज सेवा का मार्ग हर महिला के लिए खुला है। कार्यक्रम में विधायक विजय खेमका, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, ग्रीन पूर्णिया के सचिव रवींद्र साह, भाजपा कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रवि सुधा चौधरी, प्रवक्ता मिथिलेश राय, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष संगीता वर्मन, जिला उपाध्यक्ष दीपमाला, उपाध्यक्ष अर्चना साह, जिलामंत्री पूजा चौधरी, जिलामंत्री मीणाक्षी सिन्हा, जिलामंत्री नूतन गुप्ता और जिलाउपाध्यक्ष आरती जायसवाल समेत अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता डॉ. अनिल कुमार गुप्ता और पिंकी गुप्ता ने संयुक्त रूप से की। इस कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि नारीशक्ति और राष्ट्र निर्माण अटूट रूप से जुड़े हैं, और सरोज पांडे जैसी व्यक्तित्व महिलाओं को समाज और राष्ट्र के लिए नेतृत्व करने की प्रेरणा प्रदान करती हैं।

दुनिया में पहला ऐसा देश भारत है जो डूबते व उगते सूर्य की करता है पूजा : पं. विजयानंद सरस्वती

छठ व दीपावली में बच्चे नहीं करें लापरवाही : चिंटू कुमार

■ भारत है त्योहारों का देश : अनुज सिंह

■ गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने छठ व दीपावली पर प्रस्तुत किये कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। गुरुकुल विद्यालय, पाटन मोड़ में दीपावली के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक पं. विजयानंद सरस्वती, पंड़वा थाना के सब इंस्पेक्टर चिंटू कुमार व एएसआई विजय कुमार रजक उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी के रूप में रोल प्ले कर दर्शकों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि पं. विजयानंद सरस्वती ने बच्चों को दीपावली, छठ महापर्व व कार्तिक महीने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया में पहला ऐसा भारत देश है जो डूबते हुए सूर्य को पूजा करता है जो विश्व के किसी अन्य देशों में देखने के लिए नहीं मिलता है। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि जीवन में संघर्ष करते रहने से अच्छे मुकाम हासिल होते हैं व बच्चों को अपने संस्कृति का ध्यान रखने की सलाह दी। पंड़वा थाना के सब इंस्पेक्टर चिंटू कुमार ने बच्चों को दीपावली व छठ पूजा के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी। कहा कि बच्चों को दीपावली में पटाखे जलाने से बचना चाहिए। छठ घाट पर जाते समय अपने अभिभावकों के साथ जाना चाहिए। विद्यालय के अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि भारत एक त्योहारों का देश है। हर महीने कोई न कोई त्योहार आता रहता है, जो हमारे देश को विश्व के मानचित्र पर अलग सिद्ध करता है। हमारी संस्कृति को अलग पहचान दिलाता है। मौके पर उपस्थित विद्यालय की सचिव सोनम कुमारी ने बच्चों को दीपावली का शुभकामनाएं दी तथा बच्चों को सावधानी पूर्वक दीपावली मनाने की सलाह दी' प्रधानाध्यापक श्री सहेंद्र साव ने बच्चों को त्योहारों को अच्छे से मनाने और सावधानी बरतने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक , राहुल गुप्ता विवेक कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार सिंह शिक्षिका रजनी सिंह ,नेहा शुक्ला, सीमा श्रीवास्तव, संध्या मिश्रा विजयलक्ष्मी, प्रीति कुमारी, अदिति कुमारी, खुशबू कुमारी वर्षा कुमारी, अभिलाषा मिश्रा, विपिन कुमार सिंह उपस्थित थे। विद्यालय द्वारा इस तरह के कार्यक्रम हमेशा आयोजित किए जाते हैं जो छात्रों को संस्कृति और कला के प्रति जागरूक करते हैं।

बनमनखी में धनतेरस : चमक, उमंग और सुरक्षा का संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बनमनखी/पूर्णियां। धनतेरस की सुबह होते ही बनमनखी के बाजारों ने त्योहारी रौनक और उत्साह का अद्भुत दृश्य पेश किया। गलियों और चौक-चौराहों में हर तरफ हलचल और चहल-पहल देखने को मिली। दुकानों के बाहर लंबी कतारें, खरीदारी में व्यस्त ग्राहक और बाजार की रंगीन सजावट ने त्योहारी माहौल को और भी जीवंत बना दिया।

साइकिल की दुकानों से लेकर ज्वेलरी शॉप, इलेक्ट्रॉनिक और फर्नीचर की दुकानों तक, हर जगह खरीदारी का उत्साह उमड़ रहा था। ऑटोमोबाइल शो रूम में भी ग्राहकों की हलचल देखने लायक थी। दुकानदारों ने अपने ग्राहकों का स्वागत त्योहारी उपहार और आकर्षक ऑफर के साथ किया। एक ज्वेलरी शॉप के कर्मचारी ने बताया, "धनतेरस पर हर ग्राहक अपने घर और परिवार के लिए सोने-चांदी और उपहार खरीद रहा है। बाजार में खुशी और उमंग का माहौल हर ओर महसूस किया जा सकता है।" बाजार में बढ़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। बनमनखी पुलिस ने बीएसएफ जवानों के साथ फ्लैग मार्च आयोजित किया, जबकि मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहे। बनमनखी थाना के सब-इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया, "हमने हर कदम पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की है, ताकि दुकानदार और ग्राहक दोनों ही सुरक्षित महसूस करें और त्योहारी खुशी बेफिक्र होकर मनाई जा सके।" त्योहार की चमक, खरीदारी की हलचल और सुरक्षा व्यवस्था का यह संगम बनमनखी बाजार की खास पहचान बन गया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी झिलमिलाती लाइटों, रंग-बिरंगे सामान और त्योहारी सजावट का आनंद लेने में व्यस्त थे। इस जीवंतता ने धनतेरस को बनमनखी के लिए और भी यादगार बना दिया।

केनगर थाना में जनता दरबार : भू-विवाद और अन्य समस्याओं का समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

केनगर।/पूर्णिया। के नगर थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में भू विवाद एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए पक्षकारों ने अपने मामले उठाए। इस अवसर पर जनता दरबार की अध्यक्षता राजस्व कर्मचारी सुमन कुमार और अपर थानाध्यक्ष उमा शंकर गुप्ता ने संयुक्त रूप से की।

राजस्व कर्मचारी सुमन कुमार ने बताया कि जनता दरबार में कुल 9 मामले पेश किए गए, जिनमें से 5 मामलों की सुनवाई कर उनका निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों की सुनवाई आगामी जनता दरबार में की जाएगी। अपर थानाध्यक्ष उमा शंकर गुप्ता ने निष्पादित मामलों के पक्षकारों को सख्त निर्देश दिया कि समझौते के खिलाफ किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि शांति भंग की स्थिति उत्पन्न होती है और किसी पक्ष को दोषी पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध एकपक्षीय कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आयोजित जनता दरबार में पक्ष और विपक्ष के दर्जनों सहयोगी उपस्थित रहे, जिन्होंने मामले की निष्पक्ष सुनवाई में भाग लिया और शांति व सामंजस्य की अपील की।

सपाहा में गूंजने लगी जयकार

'जय माँ बम काली'

■ दो सौ साल पुरानी परंपरा फिर से जगमगाएगी, आस्था और शक्ति का संगम बनेगा मंदिर प्रांगण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रूपौली/ पूर्णिया। सपाहा गांव की धरती इन दिनों भक्ति की अग्नि और आस्था की ज्योति से दहक उठी है। दीपावली के आगमन से पहले ही गाँव की फिजा माँ बम काली के जयकारों से गूंज उठी है— 'जय माँ बम काली! जय माँ बम काली!'। ऐसा लगता है मानो हर दीया, हर घर, हर मन— माँ की शक्ति का प्रतीक बन गया हो।

कहा जाता है कि सपाहा स्थित श्री श्री 108 महारानी बम काली मंदिर की स्थापना लगभग दो सौ वर्ष पूर्व हुई थी। तब से लेकर आज तक दीपावली पर यहाँ होने वाली पूजा और मेला सिर्फ आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति की वंशावली है जो पीढ़ी दर पीढ़ी प्रवाहित हो रही है। इस परंपरा को गाँववाले अपनी आस्था ही नहीं, अपनी पहचान मानते हैं।

मंदिर प्रांगण में इस समय जो दृश्य है, वह किसी तीर्थ से कम नहीं — दीवारें नई रंगत में सजीं, फूलों की महक हवा में घुली, और मंदिर की देहरी से लेकर चौक तक दीपों की कतारें इस प्रतीक्षा में टिमटिमा रही हैं कि कब माँ अपने भक्तों के बीच अवतरित हों। लाल-केसरिया झंडों की लहर और शंखनाद की ध्वनि से गाँव का हर कोना जाग उठा है। पूजा समिति के अध्यक्ष ध्रुव कुमार बताते हैं — 'यह पूजा सिर्फ अनुष्ठान नहीं, पूर्वजों की अमर परंपरा है। माँ की आराधना का विधान विसर्जन तक पूरी निष्ठा से निभाया जाता है। एक बार समय से पूजा न होने पर गांव में विपत्ति आई थी, तभी से अनुशासन इस परंपरा की रीढ़ बन गया।' कोषाध्यक्ष त्रिवेणी संगम कहते हैं, 'भक्तों की आस्था ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इस बार आयोजन पहले से भी अधिक भव्य होगा। दीपावली की सुबह माँ बम काली की झंडा शोभायात्रा निकलेगी, जो सपाहा से चलकर नई नंदगोला, बघवा, पुरानी नंदगोला और डूमरी तक जाएगी। हजारों श्रद्धालु झंडा लिए जयकारे लगाते आगे बढ़ेंगे, और पूरा क्षेत्र 'देवमय' हो उठेगा।' ढोल-नगाड़ों की थाप, शंखनाद की गूंज, और फूलों की वर्षा में जब 'जय माँ बम काली' का स्वर आकाश को चीरता हुआ गूंजेगा, तो सपाहा एक जीवंत मंदिर बन जाएगा — जहाँ हर श्वास माँ के नाम से महकेगी।

नाट्यकला परिषद के निर्देशक परीक्षण मंडल के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। इस बार 'माँ काली का प्रकोप और संरक्षण' विषय पर नाट्य मंचन होगा, जो श्रद्धालुओं के मन को झकझोर देगा। इसमें मुकेश जायसवाल, प्रभात यादव, परमानंद सिंह, दीनदयाल दिवाकर और निरंजन मंडल की सक्रिय भूमिका है।

मंदिर के पुश्तैनी पुजारी दुखरी चौधरी भावुक होकर कहते हैं — 'यह केवल पूजा नहीं, यह माँ के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। जब घंटे-घड़ियाल बजते हैं, तो लगता है जैसे माँ स्वयं अपनी शक्ति से पूरे गाँव की रक्षा कर रही हों।'और फिर जब दीपावली की रात सैकड़ों दीपक एक साथ प्रज्वलित होंगे, ढोलक बजेगी, काली माँ का गीत गूंजेगा— तब सपाहा गांव का यह प्राचीन मंदिर फिर से आस्था और शक्ति के प्रकाश में नहाएगा।

काली पूजा का यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि रूपौली की आत्मा का उत्सव है— जहाँ भक्ति में विश्वास है, और विश्वास में वही अदम्य शक्ति, जो अंधकार को भी आलोक में बदल देती है।

रूपौली में शंकर सिंह की हुंकार, जनता के आशीर्वाद से बदलेंगे राजनीति का समीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रूपौली/पूर्णिया। रूपौली विधानसभा की राजनीतिक फिजा में शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब क्षेत्र के जनप्रिय चेहरा शंकर सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। धमदाहा की धरती पर उमड़े जनसैलाब ने यह साफ संदेश दिया कि राजनीति अब किसी दल के चिन्ह पर नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और सेवा के संकल्प पर टिकी है।

मां तारा विवाह भवन, धमदाहा में जब शंकर सिंह जनता को संबोधित करने पहुंचे, तो वातावरण नारेबाजी से गूंज उठा— 'शंकर सिंह जिंदाबाद', 'रूपौली का बेटा जगा है' जैसे नारों से पूरा परिसर थर्रा उठा। हर दिशा में जनता का उत्साह उमड़ पड़ा, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग— सभी वर्गों की उपस्थिति ने माहौल को जनआंदोलन में बदल दिया। सभा में शंकर सिंह ने जो कहा, वह एक राजनेता नहीं बल्कि जनसेवक की आत्मा से निकले शब्दों जैसे थे— मैं किसी दल या पद की लालसा से राजनीति में नहीं हूँ, बल्कि जनता की सेवा ही मेरा एकमात्र उद्देश्य है। रूपौली की जनता मेरे लिए भगवान समान है, और मैं अपने भगवान के दरबार में वचन देता हूँ कि रूपौली के हर घर तक विकास की रोशनी पहुँचाऊँगा।ह्व यह नामांकन मात्र एक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि जनता के साथ सेवा और विकास के नए संकल्प का उद्घोष था। धमदाहा में उमड़ी अपार भीड़ ने स्पष्ट कर दिया कि इस बार जनता की आस्था, ईमानदारी और जनसेवा के प्रतीक शंकर सिंह के साथ खड़ी है। सीमांचल की इस ऐतिहासिक सभा ने राजनीति को एक नया संदेश दिया— 'जनता ही भगवान है, और भगवान का आशीर्वाद इस बार शंकर सिंह के साथ है।'

निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करते ही शंकर सिंह बने जनआस्था और जनउत्साह के प्रतीक

नगर पंचायत चम्पानगर और केनगर प्रखंड में लोकतंत्र जागरूकता रैली

नुक्कड़ नाटक और मेहंदी प्रतियोगिता से किया संदेश प्रचारित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चम्पानगर/के नगर/पूर्णिया। चम्पानगर के मध्य विद्यालय प्राणपट्टी पूरब (बुथ संख्या-2) एवं केनगर प्रखंड के पोठिया रामपुर पंचायत के मध्य विद्यालय प्रसादपुर बेलदारी गाँव में लोकतंत्र के महापर्व, विधानसभा चुनाव के संदर्भ में जागरूकता रैली आयोजित की गई। इस रैली का नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बीसीएम कंचन कुमारी ने किया।

रैली में एएनएम, आशा कर्मी और आशा फैसिलेटरों ने मतदाताओं को मतदान के महत्व, शत-प्रतिशत भागीदारी और स्वस्थ लोकतंत्र में उनकी भूमिका के प्रति सचेत किया। ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर दी गई यह जानकारी केवल निर्वाचन प्रक्रिया तक सीमित नहीं रही, बल्कि समाज में जिम्मेदारी और सहभागिता का संदेश भी लोगों तक पहुँचाया। इस अवसर पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता नुक्कड़ नाटक और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और जागरूकता का संचार हुआ। बीसीएम कंचन कुमारी ने कहा, ह्वजागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं। केनगर प्रखंड और चम्पानगर नगर पंचायत के प्रत्येक मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित करना हमारा साझा दायित्व है। जिस समर्पण के साथ आशा कर्मी स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देती हैं, उसी ऊर्जा से अब वे मतदाता जागरूकता में भी अपनी भूमिका निभा रही हैं। यह देखकर प्रसन्नता होती है कि स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता ह्वस्वस्थ लोकतंत्रह्व के निर्माण में भी भागीदार बन रही हैं।ह्वउन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्यकताओं को निर्देश दिया कि इस अभियान को और व्यापक रूप से चलाएँ ताकि प्रत्येक मतदाता तक मतदान का संदेश पहुँचे और कोई भी नागरिक लोकतंत्र के इस महापर्व से वंचित न रहे।

संक्षिप्त समाचार

राप्रावि बसतपुर, में दिपावली पर्व पर बच्चों ने बनाई रंगोली

आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। दिपावली पर्व पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने रंगोली बनाई, इस विद्यालय के बच्चों को विद्यालय के शिक्षक जितेन्द्र ठाकुर, मनोज कुमार ने सहयोग किया, जबकि आवश्यक सामग्री विद्यालय की प्रधान शिक्षिका मीना राय ने उपलब्ध कराई, रंगोली में विद्यालय के रुखसार,फरहीन,रेशमा, रागिनी,प्रियांशी,नीतू, पप्पु,जय कुमार,निशा, मनिषा,अनिषा, काजल, शिवम्, आदि ने भाग लिया इस अवसर पर कुछ बच्चों ने पेंटिंग भी बनाया, विद्यालय के शिक्षक जितेन्द्र ठाकुर ने बच्चों के जीवन में कला की महत्ता को समझते हुए बच्चों का उत्साह बढ़ाया , रंगोली में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मिथिलेश कुमार तथा यासमीन भी उपस्थित थीं।

भोपतपुर में पुलिस छापामारी में 47 लीटर विदेशी शराब बरामद

कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के भोपतपुर पुरानी डीह में पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की किया गया। मिली जानकारी के अनुसार छापामारी के दौरान किंगफिशर बीयर के 69 पीस प्रत्येक 500 एमएल कुल 34.5 लीटर तथा फ्रूटी टेट्रा पैक के 71 पीस प्रत्येक 180 एमएल कुल 12.78 लीटर शराब जब्त किया गया। कुल 47.28 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। छापेमारी के दौरान शराब कारोबारी पुलिस की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया । पुलिस ने घटनास्थल से शराब को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया कि फरार कारोबारियों की पहचान कर उनके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है । थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। किसी भी कीमत पर इस अवैध कारोबार को क्षेत्र में पनपने नहीं दिया जाएगा । पुलिस की यह कार्रवाई स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

छठ घाट के सौंदर्यीकरण का कार्य जोरों पर



अपनी असीम सुंदरता के लिए प्रशिद घाटों मे जगीरहा बिजबनी घोरासहन घाट शामिल।

बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। दो प्रखंडो को जोड़ने वाली जागीरहा बिजबनी घोरासहन अरुणा नदी के पावन छठ घाट पर कामगारो द्वारा टेन्ट के बने मुख्य द्वार के सौंदयिकरण का काम तेजी से चल रहा है, काम को पूरा करने के लिए दिन रात कारीगर छोटेलाल, किशोर, सिकीन्दर, सदाम, भोला कुमार, साजन कुमार रंजीत कुमार, राहुल कुमार सहित दर्जनों कामगारो लगे हुए है, वही टेन्ट मालिक नारद पंडित ने बताया की चार से पांच दिन ने सौंदयिकरण का काम पूरा कर लिया जायेगा दर्जनों कारीगरो को सजावट के लिए लगाए गए है, बिजबनी दक्षिणी पंचायत के मुखिया सह प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ प्रेमकिशोर यादव ने बताया की हर साल की भाती इस साल भी टेन्ट लाइट डिकोरेशन दूधिया बती मे लगभग तीन लाख रुपए की लागत से छठ घाट का सौंदयिकरण काम किया जा रहा है।

एसएसबी और जितना पुलिस द्वारा संयुक्त करवाई मे शराब सहित बाइक जप्त

बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। 71 वीं वाहिनी स.सी.ब. बरहरवा कार्यक्षेत्र सीमा चौकी झांझरा के द्वारा आसूचना के आधार पर जितना थाना के साथ नाका के दौरान लगभग 2030 बजे नका पार्टी ने भारत के अंदर सीमा से लगभग 500 मीटर की दूरी पर हरका सती माता मंदिर के पास 720 बोतल नेपाली शराब (कस्तूरी) के साथ तस्कर को पकड़ा गया कनाका के दौरान नाका पार्टी ने नेपाल की ओर से 3-4 लोगों को मोटर साइकिल से आते देखा।` संयुक्त टीम ने उन्हें जैसे ही रोकने की कोशिश की रात्रि का मौका पाकर उनमें से 03 भाग गए लेकिन नाका पार्टी ने उनमें से एक को पकड़ लिया। । आसपास के इलाके की तलाशी लेने पर टीम को बोरियों से 720 बोतल नेपाली शराब (कस्तूरी) प्राप्त हुआ । पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अखिलेश मुखिया (उम्र-25 वर्ष),पुत्र-मंगल मुखिया ग्राम-तिनकोनी , छौड़ादानो का रहने वाला हैं जब्त सामान और पकड़े गए व्यक्तियों को प्रावधानों के अनुसार कानूनी कार्रवाई करने के लिए जीतना पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।उक्त आशय की जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

शराब बेचने और पीने के आरोप मे चार गिरफ्तार

बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जितना पुलिस ने अलग अलग जगहों से दो शराब कारोबारी सहित दो पियककर को गिरफ्तार कर लिया गया उक्त चारो की पहचान जितना थाना क्षेत्र के कोदरकट गांव निवासी गंभीर साह पिता गोरख साह, गुडू कुमार पिता गंभीर साह,जीतेन्द्र राम पिता उमेश राम लखौरा थाना क्षेत्र के पकही गाँव निवासी नीरज सिंह पिता सियाराम सिंह के रूप मे किया गया वही जितना पुलिस ने 106 लीटर नेपाली शराब सहित एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को बरामद किया !और कारोबारी सहित पियकर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजे दिया गया जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

विधानसभा निर्वाचन संबंधित तैयारियों का जायजा लेने व्यय परीक्षक पहुँचे कार्यालय

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। 19- मोतिहारी विधानसभा के निर्वाचन संबधित तैयारियों का जायजा लेने व्यय प्रेक्षक समाहणालय परिसर स्थित निवार्ची पदाधिकारी सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर, मोतिहारी के कार्यालय पहुँचे। इस अवसर पर उनके द्वारा अकाउंटिंग टीम के साथ बैठक की आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एकाउंटिंग टीम के सभी कर्मी /पदाधिकारी को अवगत कराया गया कि नामांकन के उपरांत प्रत्येक संभावित प्रत्याशी के व्यय का लेखा जोखा में संधारित करना होगा जिसकी अधिकतम सीमा 40 (चालीस) लाख रुपये है।व्यय प्रेक्षक महोदय के भ्रमण के दौरान निवार्ची पदाधिकारी 19- मोतिहारी सह डीसीएलआर मोतिहारी सदर श्रीमती प्रीति सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोतिहारी, अन्य सहायक निर्वाचित पदाधिकारी एवं नामांकन कोषांग के सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

जीविका दीदियों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पू. चं. बनकटवा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिलाओं ने 11 नवंबर को मतदान करने की प्रण की एवं अन्य मतदाताओं से भी जिला में निर्धारित मतदान की तिथि 11 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगी ' वहीं नरकटिया में भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नरकटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली एवं लोगों से बिहार विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत 11 नवंबर को निर्धारित मतदान की तिथि को मतदान करने की अपील की।

साइड लेने के चक्कर मे हुआ विवाद, तीन हिरासत में

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर के अस्पताल रोड में साइड लेने के चक्कर में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट की घटना घटी है। जिसमें तीन महिलाएं समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले को शांत करवाया है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि साइड लेने के चक्कर में एक पिक अप और स्कुटी में हल्की टक्कर हो गई। जिसके बाद पिक अप चालक गाड़ी से उतर कर हाथापाई करने लगा। विवाद होते देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पिक अप चालक की खातिरदारी कर दी। दोनों पक्ष के विवाद में कुछ देर अफरा तफरी मची रही। सूचना पर पहुचीं शिकारपूर ने हल्का बल का प्रयोग कर मामले को शांत कराया।पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है। थानाध्यक्ष जव्ला कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के तरफ से तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। हालांकि दोनों पक्षों से आवेदन देने को कहा गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बेतिया से रोहित, नौतन से अमित, संतोष, वाल्मीकनगर से रिंकु, बगहा से रामसिंह, जयेश नरकटियागंज से संजय, चनपटिया से मनीष समेत 28 ने किया नामांकन

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विधानसभा चुनाव के नामजदगी का पर्चा दाखिल करने के छठे दिन शनिवार को जिलेभर में निर्दलीय एवं विभिन्न दलीय प्रत्याशियों के रुप में संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्वाचन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छठे एनडीए के दो विधायक सहित पांच महागठबंधन के तीन, जनसुराज पार्टी के दो, आम आदमी पार्टी दो,बसपा सहित 28 उम्मीदवारों ने विभिन्न विधानसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने वालों में वाल्मीकिनगर विधानसभा से धीरेंद्र प्रताप सिंह ने जदयू,रामेश्वर यादव-बहुजन समाज पार्टी, राजेश शर्मा-लोक समाज पार्टी, महम्मद जमील-निर्दलीय रामनगर विधानसभा क्षेत्र से नंदकिशोर राम-भाजपा, संजय कुमार हजरा-कांग्रेस(सिंबल नहीं),पप्पू रंजन-जनसुराज, नरकटियागंज विधानसभा से संजय कुमार पांडेय-भाजपा, माया रानी (किन्नर)-निर्दलीय बगहा विधानसभा से राम सिंह(विधायक)-भाजपा, जयेश मंगल सिंह-कांग्रेस पार्टी,शेषनाथ चौधरी-आम आदमी पार्टी, राहुल कुमार तिवारी-राइट टू रिकॉल, शिव चौधरी- निर्दलीय लौरिया विधानसभा क्षेत्र से सुनील कुमार-जनसुराज पार्टी, नरेश साह-निर्दलीय,नौतन विधानसभा क्षेत्र से अमित कुमार-कांग्रेस,संतोष चौधरी-जनसुराज पार्टी, विरेंद्र राव-बहुजन समाज पार्टी चनपटिया विधानसभा क्षेत्र सक त्रिपुरारी कुमार तिवारी-जनसुराज पार्टी, विपिन नाथ तिवारी-लोकतांत्रिक जनस्वराज पार्टी, ओमप्रकाश जायसवाल-निर्दलीय बेतिया विधानसभा क्षेत्र रोहित सिकारिया--निर्दलीय,सतीश कुमार-सुधारवादी पार्टी, रविंद्र कुमार-मार्क्सिस्ट लेलेनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (रेड फ्लैग) सिकटा विधानसभा क्षेत्र से समृद्ध वर्मा-जदयू,प्रमोद साह-निर्दलीय, मोहम्मद असलम-निर्दलीय ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

रोहित सिकारिया

अमीत कुमार

मनीष कश्यप उर्फ त्रिपुरारी तिवारी

देसी कट्टा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सिरिसिया थाना की पुलिस ने छापेमारी कर देसी कट्टा व कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। छापेमारी शनिवार की शाम सिरसिया थाना क्षेत्र के बाबू टोला गरभुआ गांव जानी वाली सड़क के किनारे एक दुकान में की गई। दुकान में लकड़ी के काउंटर के नीचे कट्टा छुपाकर रखा गया था। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि देसी कट्टा व कारतूस के साथ बाबू टोला गरभुआ के अशोक मिश्र को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक देसी कट्टा व कारतूस बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अलर्ट है। वाहन चेकिंग, लगातार छापेमारी व अन्य कार्रवाई हो रही है। शुक्रवार को सिरिसिया थानाध्यक्ष अनंत कुमार को सूचना मिली कि अशोक मिश्र अपने दुकान में देसी कट्टा रखे हैं। उन्होंने इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी। सूचना पर एसएसपी डा. शौर्य सुमन ने एक टीम गठित किया। टीम दुकान में छापेमारी की तो अशोक मिश्र भागने लगा। जिसे खदेड़ कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर दुकान से देशी कट्टा व कारतूस बरामद हुआ, जिसे पुलिस जब्त कर ली। छापेमारी टीम में सिरिसिया थानाध्यक्ष अनंत कुमार, पुअनि खुशबू कुमारी, पुअनि केके मुर्मू व थाना के सिपाही तथा गृहरक्षक शामिल रहे।

बेतिया में 'वोट का उत्सव' के तहत चला मतदाता जागरूकता अभियान

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदाता जागरूकता हेतु जिला स्वीप कोषांग द्वारा संत आग्नेस कन्या मध्य विद्यालय, चूहड़ी में 'वोट का उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने रंग-बिरंगे गुब्बारों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लगभग 3000 छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर बिहार का मानचित्र और स्वीप लोगो तैयार किया। 15 झांकियों, रंगोली, पेंटिंग और अन्य गतिविधियों ने मतदान के प्रति उत्साह जगाया। जिला पदाधिकारी ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए 11 नवंबर को मतदान करने की अपील की। उन्होंने स्वयं सेल्फी प्वाइंट पर छात्रों के साथ सेल्फी लेकर उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम में अपर समाहर्ता श्री राजीव कुमार सिन्हा, नोडल अधिकारी श्रीमती नगमा तबस्सुम सहित कई अधिकारी सम्मानित हुए। छात्राओं प्रीति और आयुषी ने मतदान के महत्व पर प्रेरक भाषण दिए। नोडल अधिकारी ने सभी से मताधिकार का उपयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में संत लौरेंस, माउंट कार्मेल, लोयोला स्कूलों के छात्र-शिक्षक शामिल हुए।

नरकटियागंज में त्रिपुरा के सीएम ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। में शनिवार को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मणिक साह ने बिहार से जुड़े यादों को सांझा किया। अपने संबोधन के दौरान सीएम ने कहा कि सरकार चलाने के जनता का विश्वास आवश्यक है। बिहार की जनता के विश्वास के बदौलत सरकार लगातार विकास का काम कर रही है। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान सड़क , बिजली, पानी समेत कई विकास योजनाओं की गिनाते हुए एनडीए सरकार के पक्ष में मतदान करने व सरकार बनाने की अपील की। वही सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने राजद के चारा घोटाला, अलकतरा,लैंड फॉर जॉब आदि कई घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि देश मे स्वच्छ छवि की सरकार हैं। जिससे भ्रस्टाचार को बढ़ावा देने वाले नेताओं व उनके समर्थकों की स्थिति दयनीय हो चुकी है। मंत्री श्री दुबे ने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जहाँ एक कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री बन सकता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में किये गए कार्यो को गिनाया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य समेत राज्य में कानून की व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनडीए की सरकार ने महिलाओ को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। सभा के दौरान वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गंगा पांडेय, जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियो को गिनाया।

बेतिया में अनिल सिंह पर जताया जनसुराज ने भरोसा

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विधानसभा चुनाव में अंततः बेतिया विधानसभा क्षेत्र में जनसुराज पार्टी की ओर से प्रत्याशी की घोषणा कर दी गयी है। जनसुराज ने बेतिया में अष्ट विनायक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल के निदेशक अनिल कुमार सिंह को प्रत्याशी के रुप में उतारा है। श्री सिंह सोमवार को अपना नामांकन निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया के समक्ष दाखिल करेंगे। इसबीच श्री सिंह ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास था कि पार्टी की ओर से उन्हें जिम्मेवारी दी जायेगी। उन्होंने पार्टी के सुत्रधार प्रशांत किशोर, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें पार्टी ने उनपर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी घोषित किया है। उन्होंने बिहार में बदलाव के लिए लोगो को आगे आने की अपील की।उन्होंने कहा कि जनसुराज पार्टी बिहार के बदलाव के दिशा में एक आंदोलन है और यह चुनाव जनता के भरोसे है।

रंगदारी वसूलते शराब के नशे में तीन जवान धराए

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर थाना में बाइक से भ्रमणशील तीन पैंथर जवानों को रंगदारी वसूलने के आरोप में पकड़ा गया। हालाकि उस दौरान तीनों शराब के नशे की हालत में थे। जिनकी जांच कराये जाने पर पुष्टि होने पर नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन के आदेश पर शनिवार की दोपहर तीनों की गिरफ्तारी नगर के सागर पोखरा चौक के समीप से की गयी। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पुलिस जवानों में नवादा जिला के वारसलीगंज थाना के मसूदा गांव निवासी सिपाही बब्लू कुमार, विष्णुपुर गांव के सिपाही सिपीन कुमार यादव तथा सिपाही सूर्यकांत निराला शामिल है। एसडीपीओ ने बताया कि इनके द्वारा शराब के कारोबारियों से बातचीत करने के सबूत भी सामने आए है। उनकी जांच की जा रही है। ये लोग शराब के नशे में रहकर रंगदारी वसूलने का काम करते थे। ब्रेथ एनलाइजर से जांच करने पर तीनों के शराब पीने की पुष्ठी हुई है। जानकारी के अनुसार वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि नगर थाना में तैनात पैंथर के जवान गलत कार्यो में संलिप्त है। एसपी ने अपने स्तर से इनकी निगरानी शुरू करवायी। जिसमें उनके विरूद्ध शराब कारोबारियों से सांठ-गांठ के मामले सामने आए। शनिवार को एसपी के आदेश पर अपर थानाध्यक्ष नितिन कुमार, दारोगा चन्द्रदेव सिंह, शुभम कुमार के साथ पुलिस के जवानों ने सागर पोखरा पर छापेमारी की। वहां पर तीन लोग पुलिस को देखकर भागने लगे।

छठे दिन कुल 31 प्रत्यासियों ने किया नामांकन दाखिल

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पूर्वी चम्पारण 15- केसरिया विधानसभा क्षेत्र से 03 नामांकन प्राप्त हुआ है। 21- ढाका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो अभ्यथीर्यों के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। 16- कल्याणपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से तीन अभ्यर्थियों के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है 10-रक्सौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ ' वहीं 11 सुगौली विधानसभा से बबलू गुप्ता एवं एक अन्य टोटल दो, ने नामांकन दाखिल कियाद्ध। 12 - नरकटिया विधानसभा क्षेत्र में पांच अभ्यर्थी, 13- हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र में तीन अभ्यर्थी, 14- गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र में तीन अभ्यर्थी, 17 - पिपरा विधानसभा क्षेत्र में पांच अभ्यर्थी ,19- मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में तीन अभ्यर्थी एवं 20- चिरैया विधानसभा क्षेत्र में दो अभ्यर्थियों के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है।

जन सुराज प्रत्याशी देव कुमार सिंह के प्रधान चुनाव प्रचार कार्यालय का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा (सारण)। एकमा विधानसभा क्षेत्र के जन सुराज प्रत्याशी देव कुमार सिंह के प्रधान चुनाव प्रचार कार्यालय का प वैदिक मंत्रों उच्चारण के बीच पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर उद्घाटन शनिवार को उनके पैतृक आवास परिसर स्थित बिशुनपुरा कला गांव में किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जन सुराज आंदोलन जनता की उम्मीदों का प्रतीक है। सभी कार्यकताओं ने मिलकर एकमा विधानसभा के प्रत्याशी देव कुमार सिंह और सीमावर्ती मांझी विधानसभा के प्रत्याशी यदुवंश गिरि को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में पार्टी के जिला अध्यक्ष बच्चा राय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार पांडेय, सारण जिला वाहिनी प्रमुख प्रकाश प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष मनान खान, जिला संगठन महासचिव अशरफ राजा खान, अभिषेक तिवारी, रमेश गिरि, विकास सिंह, प्रखंड अध्यक्ष एकमा-रामनाथ मांझी, प्रखंड अध्यक्ष लहलादपुर - सुजीत कुशवाहा, हरेंद्र तिवारी, प्रो. अवध बिहारी मिश्र, त्रिलोकी यादव, अनिल सिंह, प्रशांत कुमार, राजेश सिंह, नागेंद्र सिंह, मधु सिंह, विश्वनाथ सिंह, कन्हैया सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग, स्थानीय कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party : जन सुराज

*Name of the Election : बिहार विधानसभा

Name of State/UT : बिहार

(1) Name of Constituency : गोह 219

Sl.no.			
1.	a.	Nature of the offences	1. सूचक के साथ नाजायज मजमा लगाकर अपमानित करना तथा सरकारी कामों में बाधा डालना
	b.	Case no.	गोह 106/19
	c.	Name of the Court	अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी, दाउदनगर
	d.	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	(1) नहीं (2) नहीं
	e.	Date of conviction, if any	(1) लागू नहीं (2) लागू नहीं
	f.	Details of punishment under-gone, if any	(1) लागू नहीं (2) लागू नहीं
	g.	Any other information required to be given	लागू नहीं
2.		The reasons for the selection of the candidate.Selection shall be iwth reference to the qualifications, achievements and merit of the can-didate, and not mere winnability at the polls (not more than 100 words)	राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं। अपने क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं।
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words)	अन्य उम्मीदवारों की तुलना में इनके जीतने की संभावना ज्यादा है।

जनसुराज द्वारा प्रकाशित

दीपावली व छठ पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था की समीक्षा

जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दिए कड़े निर्देश, असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने का आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में शनिवार को जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी दीपावली, काली पूजा तथा छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के पुख्ता प्रबंधों पर चर्चा की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों और थाना अध्यक्षों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया गया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और तत्परता से करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व लोक आस्था का महापर्व है। इस दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं की फोटो खींचने या अन्य अनुचित गतिविधियों की शिकायतें आती हैं। ऐसे में सभी छठ घाटों पर महिलाओं के लिए तंबू या कपड़े से बैरिकेडिंग कर अस्थायी चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। धनतेरस व दीपावली के दौरान बाजारों और मंदिरों में भीड़भाड़ के समय असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि दोअर्थी गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की किसी

भी घटना पर तत्काल रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं भारतीय विस्फोटक नियमावली 1983 के तहत बिना लाइसेंस के पटाखा दुकानें न चलें।

जिलाधिकारी ने सभी दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं प्रतिनियुक्त बलों को अपने-अपने कार्यस्थलों पर सतर्कता के साथ डटे रहने का निर्देश दिया। किसी भी असामान्य परिस्थिति में तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष को सूचना देने को कहा गया। दीपावली के दौरान जुआ खेलने और नशाखोरी की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने तथा कार्रवाई करने का आदेश भी दिया गया। 112 रिस्पॉन्स गश्ती वाहनों को किसी दुर्घटना की स्थिति में मेडिकल टीम को सहयोग देने के निर्देश दिए गए। थाना और अंचल स्तर पर अधिकारियों को सामुदायिक बैठकों के माध्यम से सौहार्द का वातावरण बनाए रखने और तनातनी की आशंका होने पर तुरंत मौके पर पहुंचने को कहा गया। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि पूजा के दौरान ड्यूटी पर तैनात सभी मेडिकल टीमों की रोस्टरवार सूची नियंत्रण कक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। अग्निशमन विभाग को भीड़भाड़ वाले स्थलों पर फायर ब्रिगेड और टीम की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। बिजली विभाग और भवन प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि धनतेरस और दीपावली के दौरान पंडालों में लगाए गए विद्युत तारों और टेंट की सुरक्षा की अग्रिम जांच कर ली जाए। अंत में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, पुलिसकर्मियों को दीपावली, काली पूजा एवं छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और पर्वों के साथ-साथ निर्वाचन कार्यों को भी निष्ठा व समयबद्धता से संपन्न करने की अपील की।

नामांकन के छठे दिन जहानाबाद में आठ उम्मीदवारों ने दाखिल किया पर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन एवं नाम निर्देशन पत्र देने की प्रक्रिया इस माह के 13 अक्टूबर चल रही है। इस क्रम में नामांकन दाखिल करने के निर्धारित तिथि के छठे दिन शुक्रवार को कुल आठ अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। प्राप्त सूचना के अनुसार 216- जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में पांच अभ्यर्थी के द्वारा नामांकन किया गया है, जिसमें अभिराम सिंह (जन सुराज पार्टी) की ओर से दो सेट में नामांकन दाखिल किया गया। वहीं अविनाश कुमार के द्वारा विकास वंचित इंसान पार्टी दल से नामांकन किया गया है। पप्पु कुमार ने जागरुक जनता पार्टी दल से नामांकन दाखिल किया है। जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से रम्भा कुमारी (समाजवादी लोक परिषद दल) एवं निवास शर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। जहानाबाद जिले के 217- घोषी विधानसभा क्षेत्र से शनिवार को तीन अभ्यर्थियों के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है जिनमें सरयू प्रसाद सिंह (किसान संघर्ष समिति दल), सुधीर कुमार (जागरूक जनता पार्टी) एवं सत्येन्द्र प्रसाद यादव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया।

सिंहपुर गांव पहुंचे जिलाधिकारी, ग्रामीणों को विद्यालय निर्माण का दिया आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा। शनिवार को ओबरा प्रखंड के सिंहपुर गांव में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। यह कदम उस घोषणा के बाद उठाया गया, जिसमें ग्रामीणों ने "विद्यालय नहीं तो वोट नहीं" का नारा देते हुए विधानसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार करने का ऐलान किया था। इससे पहले प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनुस सलीम और प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जूही कुमारी ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को मतदान के महत्व और प्रक्रिया की जानकारी दी थी, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। शनिवार को जिला पदाधिकारी के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों — जिनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल थे — ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि सिंहपुर गांव पूर्ण रूप से महादलित परिवारों का निवास स्थान है, जहां अब तक किसी सरकारी विद्यालय भवन का निर्माण नहीं हुआ है। फिलहाल बच्चों की पढ़ाई गांव के

सामुदायिक भवन में कराई जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव में भी मतदान बहिष्कार किया था, लेकिन तब स्थानीय प्रशासन ने केवल आश्वासन दिया था और कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वार्ता के दौरान जिला पदाधिकारी ने धैर्यपूर्वक ग्रामीणों की बातें सुनीं और कहा कि फिलहाल विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए नया निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस संबंध में शिक्षा विभाग के सचिव से बातचीत की है और चुनाव समाप्त होते ही सिंहपुर गांव में विद्यालय भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जूही कुमारी को विद्यालय भवन निर्माण से जुड़ी प्रारंभिक कार्यवाही और योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और चुनाव के बाद इस दिशा में ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्वक मतदान करें। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि वे चुनाव में मतदान करेंगे, लेकिन यदि चुनाव के बाद विद्यालय निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे धरना और प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी अंतरा कुमारी, महिला पदाधिकारी रतना प्रियदर्शी और प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जूही कुमारी भी उपस्थित थीं। जिला प्रशासन के इस हस्तक्षेप से उम्मीद जगी है कि लंबे समय से लंबित सिंहपुर गांव के विद्यालय भवन निर्माण की मांग अब शीघ्र ही पूरी होगी।

धनतेरस पर लोगों ने जमकर की खरीदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों में शनिवार को धनतेरस के दिन लोगों ने जमकर खरीदारी की। धनतेरस को लेकर शनिवार की सुबह से ही बाजारों में लोगों की चहल-पहल देखी गई। दोपहर होते-होते बाजारों में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। देर रात तक लोगों ने खरीदारी की। इस बार धनतेरस पर देसी उत्पादों की भी खूब बिक्री हुई। धनतेरस के मौके पर लोगों ने इलेक्ट्रॉनिक सामान, सोना व चांदी

के आभूषण, सिक्का, गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा और विभिन्न प्रकार के बर्तन समेत अन्य सामान की जमकर खरीदारी की। सोने-चांदी, आटोमोबाइल में तो कम लेकिन इलेक्ट्रानिक व मोबाइल दुकानों में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। महिलाओं ने स्टील के बर्तनों की खरीदारी की। डिनर सेट, ग्लास सेट, चमच सेट, फैंसी जग, डिजाइनदार थालियां, कप सेट, बाल्टी, पूजा की थाली, थर्मस सहित की ज्यादा डिमांड रही। लोगों की भीड़ के कारण सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल था। आभूषण दुकानदार बब्लू कुमार ने बताया कि इस बार अच्छी बिक्री हो रही है। बताया कि इस बार धनतेरस के मौके पर बाजार में अच्छा खासा कारोबार हुआ है। धनतेरस के मौके पर झाड़ू खरीदने की परंपरा के मद्देनजर सभी चौक चौराहों पर झाड़ू की दुकानें सजी हुई थी। लोगों ने जमकर झाड़ू की खरीदारी की। 40 रुपये से लेकर 70 रुपये तक में झाड़ू बिके। रमेश चौक, धर्मशाला चौक, कारगिल चौक, सब्जी बाजार, नावाडीह, महाराजगंज रोड सहित अन्य स्थानों पर काफी चहल-पहल रही। सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किए थे ताकि किसी प्रकार की अनहोनी घटना न हो। पुलिस अधिकारी लगातार गश्त कर रहे थे।

हत्या का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मखदुमपुर (जहानाबाद)। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने सरेन गांव से नाबालिग बच्चे की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व सरेन गांव में पांच साल के नाबालिक बच्चे को पड़ोसी ने हत्या कर शव को घर के पीछे फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ईश्वरी यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पीपीएम स्कूल में एक साथ दिखी दीपावली व छठ की रौनक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। स्थानीय शहर के वेंकटेश नगर, राजा बाजार स्थित पीपीएम स्कूल में दीपावली एवं छठ महापर्व के उपलक्ष में रंगोली, दीया सजावट एवं छठ गीतों के गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दीप बनाकर बच्चों ने रंगोली के ऊपर प्रज्ज्वलित किया जिससे पूरा विद्यालय परिसर दीपों की रौशनी से जगमगा उठा ।बच्चों ने छठ के पावन पर्व के

महत्ता को बताते हुए छठ के पारंपरिक गीतों के साथ अपनी मधुर आवाज को बिखेरा। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के निदेशक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर एस० के० सुनील ने अद्भुत रंगोली डिजाइन एवं बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक दीपों का अवलोकन करते हुए कहा कि आज के बच्चे कला , संस्कृति, खेल सभी क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यही बच्चे हमारे राष्ट्र के भविष्य हैं। उन्होंने बच्चों के प्रतियोगी भाव और उनके बनाए रंगोली और आकर्षक दीपों की सराहना करते हुए उन्हें दीपावली मनाने की परंपरा से अवगत कराते हुए दीपावली के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

दीपावली पर कुरियर एवं सफाई कर्मियों का सम्मान, मिठाई खिलाकर किया अभिनंदन

नबिटा संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दीपावली के अवसर पर कुरियर एवं सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी कर्मियों को मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि कुरियर एवं सफाई कर्मी स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। कुरियर कर्मियों की बदौलत नियमित टीकाकरण सुचारू रूप से हो पाता है, वहीं सफाई कर्मियों की मेहनत से अस्पताल परिसर स्वच्छ और स्वास्थ्यकर बना रहता है। इसी योगदान को सम्मान देने के लिए दीपावली के मौके पर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, अकाउंटेंट

राजेश कुमार, डाटा ऑपरेटर निर्भय कुमार, अजहर, नीतीश कुमार, रंजीत कुमार, कुरियर बिंदु कुमार, जयप्रकाश नारायण, कृष्ण रजक, नवल कुमार, ललन कुमार, निर्मला कुमारी, सुनीता कुमारी, सफाई सुपरवाइजर लाल बहादुर, पार्वती कुमारी, रेखा कुमारी, संजू कुमारी, रिंकी कुमारी सहित सभी सफाई व कुरियर कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन ने कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके समर्पण और सेवा भाव की सराहना की।

जिला पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लिया विभिन्न छठ घाटों का जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। छठ महापर्व के अवसर पर जहानाबाद जिले में पिछले कुछ दिनो से बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के द्वारा निरंतर तैयारी की समीक्षा एवं स्थलीय जांच की जा रही है। इस क्रम में शनिवार को जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से मखदुमपुर छठ घाट, यमुनईया छठ घाट सहित हुलासगंज एवं घोसी प्रखंड के बीच सुकियावां छठ घाट का निरीक्षण किया।निरीक्षण मे साफ सफाई, स्वच्छता, लाइटिंग, चेंजिंग रूम की व्यवस्था, सीसीटीवी की व्यवस्था तथा कंट्रोल रूम आदि

की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, मखदुमपुर को निर्देशित किया गया कि घाट पर शौचालय की व्यवस्था कर दी जाए। घाट के लिए गोताखोरो की भी व्यवस्था अंचल अधिकारी, मखदुमपुर, घोसी एवं हुलासगंज के स्तर से करने का निर्देश दिया गया एवं इनकी सूची सूचना पट्ट पर अथवा फ्लैक्स / बैनर के माध्यम से गोताखोरों के नाम एवं मोबाईल नंबर जारी करने का निर्देश दिया। इस दौरान बताया गया कि आयोजन के दौरान एस.डी.आर.एफ. की टीम को भी बड़े छठ घाटों पर तैनात किया जाएगा। इसके लिए जिला पदाधिकारी के द्वारा अंचलाधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है।

ऑटो रिक्शा चालकों को जिलाधिकारी ने बताया मतदान का महत्व

जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे तथा पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु लगभग 150 ऑटो पर बैनर लगा कर

11 नवम्बर 2025 को मतदान करने का अपील किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु लगभग 500 ऑटो पर बैनर लगाकर 11 नवम्बर 2025 को मतदान करने का संदेश मतदाताओं को दिया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ऑटो चालको से अपील किया गया कि आप सभी ऑटो चालक सवारियों को लेकर जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र के साथ-साथ दूरदराज के गांव, टोलो मे ऑटो लेकर जाते है। आप अपने सवारियों को मतदान करने की तिथि 11 नवम्बर 2025 को मतदान करने हेतु जागरूक करें।

हाजीपुर गोला में 'मां ताराचंडी लाइब्रेरी' का भव्य उद्घाटन

नबिटा संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज शहर के हाजीपुर गोला में रविवार को 'मां ताराचंडी लाइब्रेरी' का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन केराप पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बसंत यादव ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथि को अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसंत यादव ने कहा कि इस लाइब्रेरी के खुलने से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती इलाकों के विद्यार्थियों के लिए यह लाइब्रेरी ज्ञान का नया केंद्र बनेगी। लाइब्रेरी के संचालक दीपक कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए यहां अध्ययन हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे वे बिना किसी बाधा के अपनी तैयारी कर सकें। इस अवसर पर सतेंद्र यादव, अरविंद यादव, उमेश यादव, अनुरुध यादव, प्रवीण ठाकुर, यदु यादव, सहदेव यादव केजरीवाल, विवेक कुमार, अशोक यादव, चंदन कुमार, कुंदन कुमार, पूर्व सरपंच वीरेंद्र यादव, लोकनाथ सिंह, मोहम्मद कौसर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जन सुराज के प्रत्याशी के रूप में अभिराम सिंह ने जहानाबाद से भरा पर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद सदर विधान सभा क्षेत्र से जन सुराज के प्रत्याशी के रूप में डॉ. अभिराम सिंह ने शनिवार को धनतेरस के शुभ अवसर पर निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपनी नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। उन्होंने दो सेटों में पर्चा भरा। उनके साथ पांच प्रस्तावक रहे। इसके पूर्व डॉ. अभिराम सिंह के हजारों समर्थक सुबह करीब नौ बजे जहानाबाद एरोड्राम के पास प्रतिभानगर में उनके आवास पर जुटे। बाजे-गाजे और आधा दर्जन से ऊपर घुड़सवारों की अगुवाई में डॉ सिंह हजारों समर्थकों के साथ सदर अनुमंडल कार्यालय के लिए रवाना हुए। जगह-जगह समर्थकों ने उनके काफिले को रोककर उनका अभिनंदन और स्वागत किया। अरवल मोड़ से अभिराम सिंह गाड़ी से उतर गए और वहां से अस्पताल मोड़ तक पैदल ही समर्थकों के साथ सड़क की दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन स्वीकार करते और उनसे आशीर्वाद ग्रहण करते आगे बढ़े।

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party : Rashtriya Janata Dal
***Name of the Election : Bihar Legislative Assembly**
Name of State/UT : Bihar
(1) Name of Constituency : 182, Bankipur
Name of the candidate : Rekha Kumari

Sl.no.			
1.	Criminal antecedents		
	a.	Nature of the offences	Property Dispute in Relation to Shops
	b.	Case no.	Kotwali P.S. Case No. - 445/2022, Under Section 308, 379, 467, 468, 34 IPC
	c.	Name of the Court	A.C.J.M 11 G.R No. - 033607
	d.	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No
	e.	Date of conviction, if any	Not Applicable
	f.	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable
	g.	Any other information required to be given	Not Applicable
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words)	She is very popular in her area and is very active in the social welfare work. He is B.A. Pass.
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words)	Her Probability of winning is hire than other candidates.

Published by Rashtriya Janata Dal (Bihar Pradesh)

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party
*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025
Name of State/UT: - Bihar
(1) Name of the Constituency:- 156, Bhagalpur
Name of the Candidate:- Shri Rohit Pandey

Sl. No.		Criminal Antecedents				
1.	a	Nature of the Offences	U/S 147, 149, 188, 504 IPC	U/S 188, 267, 270, 271 IPC	U/S 147, 149, 427, 188, 504 IPC	U/S 147, 149 188, 504 IPC
	b	Case no.	kotwali P.S. Case no. 707/23	kotwali P.S. Case no. 621/20	kotwali P.S. Case no. 721/23	Tilkamanjhi Case No.709/23
	c	Name of the Court	CJM, Bhagalpur	CJM, Bhagalpur	CJM, Bhagalpur	CJM, Bhagalpur
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No	No	No	No
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Nothing	Nothing	Nothing	Nothing
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	He is well known social worker having very good reputation in the society.			
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	In view of his selfless works for the society, the party has preferred him as its candidates			

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

मतपत्र प्रकोष्ठ की तैयारी में लापरवाही अस्वीकार्य : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह ने समाहरणालय में मतपत्र प्रकोष्ठ (बैलट पेपर सेल) की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी तथा संबंधित शाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने मतपत्र की छपाई, प्रूफ रीडिंग, सत्यापन, पैकिंग, भंडारण एवं वितरण से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में मतपत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अतः इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही अस्वीकार्य है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मतपत्र की गुणवत्ता एवं प्रूफ रीडिंग पर विशेष ध्यान दें। सभी विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के नाम, प्रतीक चिन्ह तथा पार्टी का नाम सही-सही छपे, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रूफ फाइनल होने से पहले बार-बार जांच की जाए ताकि किसी भी प्रकार की गलती की संभावना न रहे। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। मतपत्र की छपाई, परिवहन, वितरण एवं रख-रखाव की प्रत्येक प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप होनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मतपत्रों की छपाई एवं भंडारण स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रवेश नियंत्रण प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी एवं अभिलेख संधारण की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। समय-सीमा का पालन अनिवार्य रूप से हो। सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं ताकि निर्वाचन कार्यक्रम में किसी प्रकार की देरी न हो। संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी हेतु जिम्मेदार पदाधिकारी नामित हों। प्रत्येक चरण की प्रगति रिपोर्ट दैनिक रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजी जाए। सभी संबंधित कर्मियों को निर्वाचन आचार संहिता एवं गोपनीयता नियमों की जानकारी दी जाए। मतपत्र से संबंधित जानकारी या नमूना किसी भी स्तर पर सार्वजनिक न किया जाए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतपत्र निर्वाचन की आत्मा है। इसकी शुद्धता, गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी कार्य अत्यंत सावधानी एवं पारदर्शिता के साथ पूरे किए जाएं। विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा, अनुशासन और टीम भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित शाखा अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन अपडेट करें और यदि किसी स्तर पर तकनीकी या प्रशासनिक समस्या आती है तो तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित करें।

डीएम ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं से किया संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। स्वीप कोषांग के अंतर्गत शनिवार को सासाराम के मल्टीपर्पस हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने जीविका समूह के सीसी, आंगनबाड़ी, एलएस एवं शिक्षा के आशा कार्यकर्ताओं से संवाद किया जिसमें लगभग 300 महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। संवाद के तहत जिला पदाधिकारी ने बताया कि आप सभी महिलाओं का योगदान मतदाता जागरूकता अभियान में बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को निदेश दिया कि चुनाव के दिन ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को बूथों पर मत देने के लिए लेकर आए और उनके सहयोगी बने। मतदान के दिन पूर्वाहन 9:00 बजे तक ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। सभी महिलाएं यह सुनिश्चित करें कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को घर से लेकर आए और मतदान संबंधी उनके वोट अधिकार के बारे में अवगत कराए। रोहतास जिला प्रशासन इस बार महिलाओं के लिए मतदान के दिन विशेष व्यवस्था के साथ तैयार है जिसमें जो महिलाएं आने में सक्षम नहीं है। उनके लिए वाहन की व्यवस्था महिलाओं के लिए अलग कतार की व्यवस्था एवं वैसे महिलाएं जो गर्भवती हैं उनके लिए विशेष कमरा की व्यवस्था की जाएगी। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार इस बार महिलाओं को केंद्र में रखकर मतदान किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताया है कि इस बार महिला वोटर ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पिछली बार जो महिला और पुरुषों के वोट में जो अंतर था।

सोनू सिंह का जगह-जगह स्वागत, समर्थकों ने की फूलों की वर्षा

हम सभी एनडीए धर्म का पालन करें : सत्यनारायण सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी/अकोढ़ीगोला। भाजपा के पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह व अन्य साथी ने कहा हम एनडीए धर्म का हर सम्भव पालन करेंगे। वहीं एनडीए के सभी नेता कदम से कदम मिलाकर चलते नजर आएं। लोगों ने नामांकन की भीड़ को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के जोश व क्षेत्रवासियों में उत्साह को देखकर उनकी ऊर्जा और बढ़ गयी है।

डिहरी विधानसभा 212 से एनडीए समर्थित लोजपा (रामविलास) उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने शुक्रवार को अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल करने के उपरांत पूर्व विधायक ने कहा। वहीं राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि जिस तरह देश का विकास हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राज्य में चहुंमुखी विकास हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हो रहा है।

उन्होंने कहा कि उसी प्रकार हमारे पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान भी बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का विजन को लेकर निरंतर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कदम से कदम मिलाकर चलने का काम रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर संभव क्षेत्र को पुनः विकास की मुख्य धारा में लाकर क्षेत्र की जनसमस्या को वे दूर करेंगे। इसके लिए उन्हें जो कुछ भी करना होगा, कदम पीछे नहीं खिंचेंगे। समर्थकों ने पूरे रास्ता फूलों की वर्षा करते रहे। इस दौरान राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू भावुक हो गये। आंख से आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा कि यदि भगवान रूपी जनता का पूरा आशीर्वाद रहा तो हम निश्चित विजयी होंगे। इस दौरान एनडीए गठबंधन के सभी छोटे बड़े कार्यकर्ता मौजूद थे।

नामांकन में नये पुराने चेहरे का दौर जारी, छठे दिन तीन नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी/अकोढ़ीगोला। डिहरी विधानसभा 212 से इस बार नये व पुराने चेहरे नजर आएंगे। क्षेत्र से नामांकन कराने का दौर शुरू हो गया। बताते चलें कि शनिवार को विधानसभा क्षेत्र से नामांकन के छठे दिन तीन अभ्यर्थियों ने अपना पर्चा दाखिल किया है जिनमें धनजी कुमार बसपा, दीपक कुमार गुप्ता व समीर कुमार निर्दलीय शामिल हैं। शनिवार को आठ व्यक्तियों का एनआर कटा जिनमें शिव गांधी, सुशील कुमार पांडे बडिहां, सर्वेश पासवान, लीलावती कुमारी लेवड़ा, राम केवल चौधरी तार बांग्ला, निर्मल कुमार सिंह महादेवां, मोहम्मद इकराम अंसारी डिहरी तथा शिव शंकर सिंह कंपनी सराय सासाराम शामिल है। छठे दिन तक सात अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। वहीं पांचवें दिन तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया जिनमें लोजपा (रामविलास) से राजीव रंजन सिंह, जन सुराज से प्रदीप ललन सिंह व निर्दलीय रंजन कुमार शामिल है। वहीं गुरुवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व विधायक ज्योति रश्मि ने पर्चा दाखिल किया था। वहीं शुक्रवार को तीन अभ्यर्थियों का एनआर कटा जिनमें सुनीता कुमारी जक्खी बीघा, मिथिलेश कुमार तिवारी न्यू सिंधौली तथा इंद्राज रोशन शामिल है।

पेड न्यूज एवं फेक न्यूज पर मीडिया सह एम.सी.एम.सी. कोषांग की पैनी नजर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश एवं जिला पदाधिकारी रोहतास के मार्गदर्शन में गठित मीडिया सह एमसीएमसी (मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी) कोषांग आगामी बिहार विधान सभा निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत सक्रिय रूप से कार्यरत है। इस कोषांग द्वारा जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया में प्रकाशित समाचार, सूचनाओं एवं विज्ञापनों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

राजेन्द्र विद्यालय में दीपावली एवं छठ पूजा का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। आई.सी.एस.ई. से संबद्ध राजेन्द्र विद्यालय, सासाराम में दीपावली एवं छठ पूजा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय का पूरा वातावरण रंग-बिरंगे फूलों, दीयों की रोशनी और बच्चों की मुस्कान से जगमगा उठा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं और सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत इको फ्रेंडली दिवाली मानने के संकल्प के साथ हुई जिसके पश्चात एल.के.जी., यू.के.जी. और नर्सरी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दीपावली और छठ पूजा पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य और गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। छोटे बच्चों के रंगीन परिधानों और मधुर गायन ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद कक्षा 1 से 6 तक के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर के दिया। उन्होंने दिवाली और छठ पूजा पर न केवल नृत्य प्रस्तुत किया बल्कि उन्होंने पारंपरिक गीतों को भी प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों ने छठ पूजा पर विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें पारंपरिक छठ गीत, नृत्य और सूर्य उपासना की झलक दिखाई गई। बच्चों ने छठ पर्व के धार्मिक और सामाजिक महत्व पर भाषण भी दिया जिसने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। यह प्रस्तुति विद्यालय के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा काफी भव्य रंगोली का निर्माण किया गया जो बहुत ही ज्यादा आकर्षक था।

धनतेरस को लेकर बाजार में चहल-पहल

खूब बिके सोने चांदी के आभूषण व स्टील के बर्तन के साथ झाड़ू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकोढ़ीगोला। धनतेरस को लेकर शनिवार को पूरे क्षेत्र में चहल-पहल देखने को मिला। लोग खरीदारी करने के लिए उत्साहित नजर आए। वहीं अकोढ़ीगोला, आयरकोठा व दरिहट तथा आसपास के क्षेत्रों में लोग अपने मनमुताबिक सामग्री खरीदते रहे। वही पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखी। धनतेरस को लेकर पूरे बाजार में भीड़ भाड़ का वातावरण बना रहा। वहीं अकोढ़ीगोला, आयरकोठा व दरिहट थाना की पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद रही। वहीं कोई सोने चांदी के आभूषण तो कोई बर्तन खरीदते नजर आये, लेकिन सबसे ज्यादा झाड़ू की बिक्री शानदार रही। झाड़ू को लोग लक्ष्मी का दर्जा देते हैं। काफी लोग इस दिन सोना-चांदी खरीदना शुभ मानते हैं। इस दिन सोना या चांदी खरीदना सौभाग्य और समृद्धि लाने का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस को धनत्रयोदशी भी कहा जाता है। धनतेरस पर लोग भगवान कुबेर और भगवान धनवंतरी की पूजा करते हैं। साथ ही अच्छे भाग्य की उम्मीद में सोना, चांदी और अन्य सामान खरीदते हैं।

मोबाइल चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। रेलवे निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार साथ प्रधान आरक्षी शैलेश कुमार, आरक्षी कमल राज एवं सीआईबी गया के प्रधान आरक्षी सर्वजीत राय संयुक्त रूप से डिहरी ऑन सोन स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 2 /3 पर गश्त कर रहे थे उसी दौरान पूर्वी छोर पर एक व्यक्ति मोहम्मद आफताब अंसारी, उम्र 33 वर्ष, पिता अजीम अंसारी, ग्राम कथेज, थाना मोहनियां जिला-कैमूर को चोरी के 2 अदद एंड्रॉयड मोबाइल था।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई.-निविदा सूचना

सं0-टीआरडी-ओ0टी0-07-एडी-मंकी-25-26

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है: **मद (1) कार्य का नाम और स्थान:** -विवरण- डीडीयू डिविजन में पोर्टल/मास्ट पर बंदर चढ़ाई रोधी उपकरण, पक्षी रोधी डिस्क, फीडर तार के संपीडन जोड़ और अन्य सामग्रियों को लगाने का कार्य, **(2) अनुमानित रकम:** रू० 50,63,415.84, **(3) बयाना राशि :** 101300.00, **(4) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 07/11/2025 को 15:00 बजे तक, **(5) वेबसाईट का विवरण जहां ई-निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**

वरीय मंडल बिजली, इंजीनियर/क०वि०
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1179/डीडीयू/टीआरडी/टी/25-26/24

पूर्व मध्य रेल

ई.-निविदा सूचना

सं0- डी.डी.यू/ईएल/जी/ई0-निविदा/25-26/17

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/जी/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई.-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम:**-डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2025-26/01 ए आर विषय- डी.डी.यू मंडल के अन्तर्गत (ए) सैयदराजा स्टेशन के अप लूप लाइन के सीएसएल को बढ़ाने और डाउन लूप लाइन में ओवररन लाइन के प्रावधान के लिए यार्ड री-मॉडलिंग में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में।(वी) एमटीजीई स्टेशन पर डाउन लूप लाइन के सीएसएल को बढ़ाने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत:** रू० 3968269.56, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय: 12.11.2025 15:00 Hrs, ई-निविदा वेव साइट का विवरण: www.ireps.gov.in**

सहायक मंडल विद्युत अभियंता (सा.)
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूमरे/डी.डी.यू.

पीआर/1178/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/25-26/32

पूर्व मध्य रेल

ई.-निविदा नोटिस

सं0-38 ऑफ 2025-26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं:**(1) कार्य का नाम एवं लोकेशन: निविदा सं0-23-डीडीयू-व०मं०इंजी० मुख्यालय 25-26** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में न्यू सेंट्रल कॉलोनी में 20 यूनिट टाइप-II स्टाफ क्वार्टर का प्रावधान **(2) कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 35292515.40, **(3) धरोहर राशि:** रू० 326500.00, **(4) कार्य का नाम एवं लोकेशन: निविदा सं0-14-डीडीयू-व०मं०इंजी०-II-25-26** पं०दीन दयाल उपाध्याय डिवीजन वरीय मंडल इंजीनीयर/II/डीडीयू के तहत सेस मरम्मत कार्य -12.50 ट्रैक कि०मी, **(5) कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 41817447.69, **(6) धरोहर राशि:** 359100.00, **(7) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 07.11.2025 को 12:00 बजे तक, **(8) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in, (1) कार्य का नाम एवं लोकेशन: निविदा सं०-24-डीडीयू-व०मं०इंजी०-मुख्यालय-25-26** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में पुलिस कॉलोनी में 20 यूनिट टाइप-II स्टाफ क्वार्टर का प्रावधान। **(2) कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 35292515.34, **(3) धरोहर राशि:** रू० 326500.00, **(4) कार्य का नाम एवं लोकेशन: निविदा सं0-16-डीडीयू-व०सं०इंजी० II-25-26:** वरीय मंडल इंजीनीयर/II/डीडीयू के तहत (ब्रिज नंबर 548,520,510,406 और 343) के तहत पीएससी स्लैब द्वारा प्लेट गर्डर को बदलना, **(5) कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 66001953.44, **(6) धरोहर राशि:** 480000.00, **(7) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 07.11.2025 को 12:00 बजे तक, **(8) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in, (1) कार्य का नाम एवं लोकेशन: निविदा सं०-25-डीडीयू-व०मं०इंजी०-मुख्यालय-25-26** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में लोको कॉलोनी में 20 यूनिट टाइप-II स्टाफ क्वार्टर का प्रावधान। **(2) कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 35292515.34, **(3) धरोहर राशि:** रू० 326500.00, **(4) कार्य का नाम एवं लोकेशन: निविदा सं0-17-डीडीयू-व०मं०इंजी० II-25-26:** जोन सं0-19सहायक इंजिनियर/डेहरी-अंन-सोन के अधीन सभी सिविल मरम्मत कार्य के क्षेत्रीय ठेके, डेहरी अंन सोन के ट्रैक के उत्तर छोर में पड़ने वाले सभी कर्मचारी आवास से कि०मी० 516.00 के बीच में पड़ने वाले सभी वाले सभी रेल कर्मचारी आवास, समपार फाटको एवं सर्विस बिल्डिंग के कार्य।,**(5) कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 3668976.00, **(6) धरोहर राशि:** 73400.00, **(7) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 07.11.2025 को 12:00 बजे तक, **(8) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in,** नोट:-विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल,
पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1175/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25-26/72

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 96 - BARURAJ

Name of the Candidate:- SHRI ARUN KUMAR SINGH

Sl. No.		Criminal Antecedents	
1.	a	Nature of the Offences	U/S 147, 148, 149, 452, 504, 506, 427, 440, IPC & 27 ARMS ACT
	b	Case no.	BRAHMAPURA, MUZAFFARPUR PS Case no. 66/2012 GR No. 1647/2012
	c	Name of the Court	Shri Bhanu Pratap, JM 1st Class Muzaffarpur
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Nothing
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	He is a highly qualified and very reputed in his area including his constituency. He is a ground rooted person who continuously providing free education to the people of his area. He has been consistently working for the upliftment of downtrodden people in his area.
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	The case against him is trivial in nature due to local village politics to malign his image in the area and to harass him. Considering his reputation and his work for the people in the area and the nature of criminal case, he has been preferred by the party over other candidates.

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 161 Banka

Name of the Candidate:- Sri Ram Narayan Mandal

Sl. No.		Criminal Antecedents	
1.	a	Nature of the Offences	U/S 149, 144, 291, 353, 120B IPC
	b	Case no.	Banka P.S. Case no. 245/89 Gr. No. 864/89
	c	Name of the Court	ACJM III, Banka
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	Yes
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Not required
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	He is a highly qualified and a respectable member of the society. The case against him is for violation of prohibitory orders in year 1989.
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	By virtue of his work for the common man and considering the trivial nature of the case, he has been preferred over others.

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

प्रेक्षकों ने कोषांगों का किया निरीक्षण

चुनाव तैयारियों को लेकर दिये कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर दरभंगा में नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रभात दंडोतिया, वरुवोरू श्रीधर तथा सामान्य प्रेक्षक मोहम्मद तैयब द्वारा दरभंगा जिला में चुनावी तैयारियों को लेकर आई.टी. एप्लीकेशन, सुविधा, समाधान कोषांग, मीडिया कोषांग, ईवीएम वेयर हाउस एवं सिंगल विंडो केन्द्रों का जायजा लिए। निरीक्षण के क्रम में प्रेक्षक द्वारा संबंधित कोषांगों के नोडल एवं वरीय पदाधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली गई। विशेष रूप से जिला जनसम्पर्क कार्यालय, सूचना भवन, दरभंगा में संचालित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी, मीडिया कोषांग एवं पेड न्यूज कोषांग का निरीक्षण किया गया। नोडल पदाधिकारी-सह-जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद को प्रेक्षक द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि

एमसीएमसी का मुख्य उद्देश्य प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा प्रसारित सामग्री का पूर्व प्रमाणन करना, पेड न्यूज़ की पहचान एवं रोकथाम करना तथा प्रचार में होने वाले चुनाव व्यय की निगरानी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के विपरीत किसी भी प्रकार के विज्ञापन का प्रकाशन/प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा एवं ऐसे मामलों में समिति द्वारा त्वरित निर्णय लेकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में जानकारी दी गई कि चार टीवी मॉनिटर के माध्यम से निगरानी की जा रही है। प्रमुख लोकल न्यूज़ चैनलों की भी सतत निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया पर नियंत्रण के लिए काफी संख्या कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी भी प्रकार की भ्रामक या नकारात्मक सूचना पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग द्वारा बताया गया कि प्रमुख हिंदी, अंग्रेजी एवं उर्दू समाचार पत्रों का दैनिक अवलोकन किया जा रहा है। प्रकाशित विज्ञापनों की व्यय विवरणी प्रतिदिन व्यय कोषांग को उपलब्ध कराई जा रही है। प्रेक्षक द्वारा कोषांग में की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया तथा पूरे निर्वाचन काल में सतर्क एवं सजग रहने का निर्देश दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने को लेकर सभी कोषांगों को आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन करें। सदर अनुमंडल के सामने सिंगल विंडो सिस्टम का भी अवलोकन किया और अनुमंडल अधिकारी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इवीएम हाउस का भी निरीक्षण किये और उप निर्वाचन अधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार, उपनिदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी कार्यरत कर्मी गण आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराने वाली टीम को सुविधा संपन्न बनाने पर विचार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अभिषद की बैठक शनिवार को कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में अपराह्न 12.30 बजे हाइब्रिड मोड में कुलपति कार्यालय में आहूत की गई। इस बैठक में प्रशासनिक और शैक्षणिक मुद्दों से हटकर विशेषतः विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स सेल और सांस्कृतिक विरासत के संवर्द्धन को लेकर सदस्यों ने अपने विचार रखें। ज्ञातव्य हो कि

कुलपति ने छात्र हित के मद्देनज़र और विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स के साथ- साथ सांस्कृतिक विरासत की थाती को संवर्धित करने की दिशा में यह कदम बढ़ाया है।

संगठन की मजबूती से ही सुनिश्चित होगी विजय : सांसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के क्रम में शनिवार को दरभंगा नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चुनाव प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ के सांसद सी. पी. जोशी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद श्री जोशी ने कहा कि 'चुनाव संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता एवं मतदाता संवाद के माध्यम से ही जीत सुनिश्चित की जा सकती है।' उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर

एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार के मतदाता दरभंगा सहित संपूर्ण बिहार में एनडीए सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। इस अवसर पर दरभंगा नगर विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी एवं बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी जी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है।' बैठक में विधानसभा स्तर पर चुनावी रणनीति, प्रचार-प्रसार की योजना तथा मतदान केंद्रवार कार्य विभाजन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना ने की। बैठक का संचालन विधानसभा प्रभारी मुकुंद चौधरी जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री संतोष पोद्दार ने किया। बैठक मे पूर्व विधान पार्षद डॉ अर्जुन सहनी, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, जिला उपाध्यक्ष राजू तिवारी, सोनी पूर्वे, विकास चौधरी, मदन झा, संतोष सिंह, मुकेश महासेठ, रतन पासवान, रमेश झा, पिंटू भंडारी, श्रवण महतो, संगीत कुमार साह, प्रोध अजीत चौधरी, अमलेन्दु शेखर पाठक सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दो उम्मीदवारों के नामांकन रद्द

बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बिहार विधान सभा चुनाव के प्रथम चरण में बिक्रम विधानसभा में स्कूटनी का कार्य संपन्न हुआ।निर्वाची पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि कुल 15 में दो का नामांकन रद्द हुआ है जिसमें एक अरविंद कुमार एवं दूसरा मनोज कुमार हैं। दोनों निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया था। नाम वापसी की प्रक्रिया के पूर्व अब कुल 10 प्रत्याशी रह गए हैं।

नगद समेत जेवरात की चोरी

वीरपुर। थाना क्षेत्र के वीरपुर पश्चिम वार्ड संख्या 5 गांव निवासी प्रभात कुमार के पत्नी मेनका कुमारी ने वीरपुर थाना में आवेदन देकर बताई है कि 16 अक्टूबर के देर रात में अज्ञात चोरों के द्वारा मोबाइल फोन, मंगल सूत्र, कान की बाली, झुमका, अंगूठी समेत नगद बीस हजार रुपए की चोरी कर ली गई है। इसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामले को दर्ज कर जांच शुरूकर दिया गया।

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 45, Chhatapur

Name of the Candidate:- Shri Niraj Kumar Singh

Sl. No.		Criminal Antecedents	
1.	a	Nature of the Offences	U/S 188 IPC
	b	Case no.	Saur Bazar P.S. Case no. 232/24
	c	Name of the Court	CJM, Saharsa
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Nothing
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	Shri Neeraj Kumar Singh has worked tremendously for the people in his area. He has given financial and social aid to a large number of socially deprived people of his area. He has also worked for the implementation of a number of government schemes under Central Government especially related to skill development programmes.
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	The cases against him are trivial in nature and are mostly related to elections. Considering his dedication towards the people of his constituency the party has filled up him as candidate from Chhatepur Constituency.

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 33, Khajauli

Name of the Candidate:- Shri Arun Shankar Prasad

Sl. No.		Criminal Antecedents	
1.	a	Nature of the Offences	188, 171 F भा.द.वि. 127 (A) आर.पी.एक्ट
	b	Case no.	जयनगर थाना काण्ड सं.–393/20
	c	Name of the Court	मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, मधुबनी
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Nothing
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	He is an upright and honest citizen and also a well-known social worker in his constituency. He has always selflessly worked for the people in his area and the Party and does not wish to amass wealth and money but only work for the upliftment of his people. He has the leadership qualities and can lead the people in his area through his own example.
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	The cases against him are trivial and technical in nature relates to election for the violation of the Model Code of Conduct. The Party has decided to field him as its candidate over any other person because of his consistent welfare work for the public.

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 86, Kewati

Name of the Candidate:- Sri Murari Mohan Jha

Sl. No.		Criminal Antecedents	
1.	a	Nature of the Offences	U/s 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338, 353 IPC
	b	Case no.	Kotwali, Patna, PS Case no. 516/2023
	c	Name of the Court	CJM, Patna, Civil Court
	d	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	No
	e	Date of conviction, if any	Not Applicable
	f	Details of punishment undergone, if any	Not Applicable
	g	Any other information required to be given	Nothing
2.		The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words	He is well known social worker having very good reputation in the society. He has done remarkable work for the betterment of the society.
3.		Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)	In view of his selfless works for the society, the party has preferred him as its candidates

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

औरंगाबाद जिले में 21 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार विधानसभा के दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए शनिवार को औरंगाबाद जिले के सभी छह विधानसभा से 21 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। इस क्रम में औरंगाबाद से भाजपा के त्रिविक्रम नारायण सिंह, निर्दलीय सुरेंद्र प्रसाद एवं नेहा कुमारी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। रफीगंज से शोषित समाज दल के नंदलाल सुमन, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राजेश कुमार एवं जन सुराज के विकास कुमार सिंह ने नामांकन पत्र भरा है। वहीं गोह से राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा के नागेंद्र प्रसाद सिंह, आजाद समाज पार्टी के मो. एकलाख, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के गुड्डू राजवंशी एवं जागरूक जनता पार्टी के सोनू कुमार ने नामांकन पर्च भरा है। इसी प्रकार ओबरा से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के उदय नारायण राजभर, बहुजन समाज पार्टी के संजय कुमार एवं निर्दलीय हरिशंत, नबीनगर से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के धर्मेन्द्र राजभर एवं निर्दलीय मृत्युंजय कुमार जबकि कुटुंबा से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के ललन राम, आजाद समाज पार्टी के रामजन्म राम, जन सुराज के अंगद कुमार, निर्दलीय पुष्पलता देवी एवं नागेंद्र कुमार राम ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। नामांकन स्थल पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, सुरक्षा व्यवस्था, वीडियोग्राफी एवं मीडिया के संचालन हेतु निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समुचित प्रबंध किए गए। उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली ने बताया कि औरंगाबाद जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कुल 21 नामांकन पत्र दायर किए गए। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी उम्मीदवारों एवं राजनीतिक दलों से अपील की कि वे आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन करें तथा शांतिपूर्ण वातावरण में लोकतंत्र के इस पर्व को सफल बनाएं।

पूरे देश के लिए मिसाल बनेगा बिहार का चुनाव : केशव

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह के पक्ष में मांगे वोट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार को तरक्की के रास्ते पर बनाए रखना है तो यहां फिर से एनडीए की सरकार बनानी होगी। महागठबंधन उम्मीदवार को इतना भारी पराजय दीजिए ताकि उनकी जमानत जब्त हो जाए। यह चुनाव बिहार ही नहीं पूरे देश की राजनीति का मिसाल बनेगा। यह बात उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह के नामांकन के बाद अनुग्रह स्मारक कॉलेज मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कही। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्या ने कहा कि बिहार पूरे देश की राजनीति का मिशाल बनेगा। बिहार चुनवा का यह संदेश पूरे देश में जाएगा। बिहार में कोई भी जंगल राज, माफिया राज, गुंडाराज चाहता है। एनडीए सबका साथ, सबका विकास कर रहा है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की पुनः सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। श्री मौर्या ने कहा कि केंद्र और राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार ने विकास के मामले में रिकॉर्ड कायम किया है और उससे भी अधिक उपलब्धि हासिल करने के लिए एवं आम जनजीवन में बेहतरी लाने के लिए बिहार में फिर एनडीए सरकार बनानी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार ने पिछले 20 वर्षों के दौरान अभूतपूर्व तरक्की की है और आज यह राज्य विकास के मामले में आगे कदम बढ़ा चुका है। एनडीए सरकार हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आम जनता की भलाई और विकास के लिए काम करती है। उन्होंने विकास की गति को और तेज करने के लिए मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशी के लिए भरपूर समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार का नाम उसकी महान परंपरा और शिक्षा केंद्रित पहचान को दर्शाता है। यह वह भूमि है जहां से भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त कर बौद्ध धर्म की नींव रखी। उन्होंने कहा कि 2025 के लोकसभा चुनाव में 60 प्रतिशत मत मिला था। 40 प्रतिशत मत सबको मिला था, उसमें भी हमारी हिस्सेदारी थी। विपक्ष ने लोकसभा चुनाव में भरपूर कोशिश की कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बने लेकिन विपक्ष की तमाम कोशिशों के बावजूद केंद्र में हमारी सरकार बनी। केंद्रीय राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि विधान सभा चुनाव में नीतीश कुमार एवं प्रधानमंत्री का हाथ मजबूत करें। विकसित बिहार एवं विकसित भारत बनाने के लिए एनडीए उम्मीदवार को जिताने का काम करें। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि इन दिनों विपक्ष द्वारा एनडीए समर्थित उम्मीदवार छोटे भाई त्रिविक्रम नारायण सिंह को लेकर बाहरी और भीतरी का माहौल बनाया जा रहा है। ऐसे में पहले उन्हें बताना चाहिए कि औरंगाबाद जिले के छह विधायकों में केवल एक विधायक स्थानीय है, अन्यथा सभी बाहरी है। वे दूसरों को प्रमाणपत्र देने वाले कौन है। उन्होंने लोगों से अपील की कि विपक्ष की बातों में न आए और एनडीए समर्थित उम्मीदवार को जिताएं। कहा कि विकसित भारत सिर्फ एनडीए के लिए नहीं, आम लोगों के लिए बनेगा। आज बिहार में विकास की गंगा बह रही है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद शंभू शरण पटेल, विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, लोजपा (आर) से ओबरा प्रत्याशी प्रकाश चंद्रा, कुटुंबा प्रत्याशी ललन राम, झारखंड प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, विश्वनाथ सिंह, गुड्डू सिंह, अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, अनिता सिंह, मितेंद्र कुमार सिंह, जितेन्द्र गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

करंट के चपेट में आने से युवक की मौत

रफीगंज (नबिटा संवाददाता)। रफीगंज थाना क्षेत्र के कपूर बिगहा गांव निवासी राम पुकार यादव के 26 वर्षीय पुत्र मृत्युंजय कुमार की मौत करंट की चपेट में आने से हो गई। मृतक के छोटे भाई निरंजन कुमार ने बताया कि सुबह में शौच करने के लिए गांव से बघार की ओर गए थे, उसी क्रम में नंगा तार के चपेट में आने से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में निजी अस्पताल में ले जाने की क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। इस घटना से गांव में मातम छा गया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक मजदूरी का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके चले जाने से परिवार पर पहाड़ टूट पड़ा है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों ने बिजली विभाग के लापरवाही बताया। पंचायत समिति प्रतिनिधि जुबेर अंसारी ने कहा कि मृतक के परिजनों को सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाए। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने पर बिजली विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा।

पंजाब नेशनल बैंक में राजभाषा समारोह का समापन

हिन्दी माह के तहत आयोजित हुए विविध कार्यक्रम, विजेताओं को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शनिवार को पंजाब नेशनल बैंक के औरंगाबाद मंडल कार्यालय में राजभाषा समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे हिन्दी माह के दौरान आयोजित विविध कार्यक्रमों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मंडल में हिन्दी माह का शुभारंभ 15 सितम्बर 2025 को हुआ था। पूरे माह भर हमारी भाषा और हमारे ग्राहक-हमारी प्राथमिकता विषय पर विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों में थीम आधारित ग्राहक बैठकों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त मंडल के तीनों जिलों के विद्यालयों में अग्रणी जिला प्रबंधक के माध्यम से निबंध, वाद-विवाद और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं बैंक कर्मचारियों के बीच राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में हिन्दी माह के सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजभाषा के प्रयोग और प्रचार-प्रसार को लेकर कर्मचारियों को प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि यह ग्राहकों से भावनात्मक जुड़ाव और सेवा-संवेदनशीलता की भाषा है। राजभाषा समारोह के साथ-साथ शनिवार को एक राजभाषा कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों को बैंकिंग कार्यों में हिन्दी के प्रभावी उपयोग और भाषा की तकनीकी शब्दावली के प्रयोग पर मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार से बैंकिंग सेवाओं को आमजन तक और अधिक सुलभ बनाया जा सकता है। पूरे कार्यक्रम के दौरान सहभागिता और उत्साह से यह स्पष्ट हुआ कि बैंक कर्मियों में हिन्दी के प्रति न केवल लगाव है, बल्कि उसे कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रतिबद्धता भी है।

सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृत महिला की पहचान ओरा गांव निवासी रामचंद्र यादव की पत्नी 55 वर्षीय लालती देवी के रूप में हुई है। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ पटना रहती थी। कुछ दिनों पूर्व अपने घर आई थी। गांव में उनके मकान का निर्माण कराया जा रहा था। शनिवार की दोपहर वह अपने नए मकान पर निगरानी करने गई थी। इसके बाद वह राष्ट्रीय राजमार्ग 19 को पार कर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार बेकाबू अज्ञात वाहन उसे रौंदती हुई निकल गई। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गयाजी लेकर जा रहे थे लेकिन बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

लो वीटीआर क्षेत्रों में मतदाता चौपाल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। आम निर्वाचन के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में आज ओबरा विधानसभा क्षेत्र के लो वीटीआर (कम मतदाता मतदान) वाले सिंहपुर गांव में मतदाता चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना था। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया और कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का सबसे बड़ा अवसर है। एक वोट हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आगामी 11 नवंबर को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही, जिन्होंने बैलट बिटिया अभियान को समर्थन देते हुए मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आश्वासन दिया। चौपाल के दौरान निर्वाचन से संबंधित शंकाओं का समाधान किया गया तथा मतदान प्रक्रिया से जुड़ी आवश्यक जानकारियां भी साझा की गईं। अंत में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि सचेत मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींव हैं। इस बार औरंगाबाद है तैयार, 11/11 को वोट करेंगे सब इस बार।

ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। ऑपरेशन थिएटर में नसबंदी के दौरान 35 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। मामला सदर अस्पताल की है। मृतका की पहचान शहर के ही वार्ड नंबर 14 स्थित आजाद नगर मुहल्ला निवासी अकबर इमाम की पत्नी शंबा परवीन के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में मृतका की मां रेहाना खातून ने बताया कि शम्बा के दो बेटा व दो बेटी है। उसका पति ड्राइवर है। शनिवार की सुबह उसे नसबंदी के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जांच के बाद स्वास्थ्यकर्मी महिला को नसबंदी के लिए ऑपरेशन थिएटर में ले गए। कुछ देर बाद अचानक सूचना मिली कि हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गयी, जबकि ऑपरेशन थिएटर में जाने के पहले उसकी तबीयत पूरी तरह ठीक थी। परिजनों का आरोप है कि बंध्याकरण करने के पहले मरीज को इंजेक्शन देने के साथ सलाइन लगाया गया। इस दौरान ही उसकी मौत हो गई।

औरंगाबाद जदयू में बगावत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

- पूर्व विधायक अशोक सिंह ने अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा, कई पदाधिकारियों ने भी छोड़ी पार्टी
- अशोक सिंह के राजद से जुड़ने की अटकलें तेज

औरंगाबाद। विधानसभा चुनाव के बीच शनिवार को जिले की राजनीति में बड़ा उलटफ़ेर देखने को मिला। जनता दल यूनाइटेड में अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है। जिला जदयू अध्यक्ष और रफीगंज से दो बार विधायक रह चुके अशोक कुमार सिंह ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस कदम से पार्टी के भीतर गहरी हलचल मच गई है। अशोक सिंह ने अपने फ़ेसबुक पोस्ट के माध्यम से शनिवार की शाम इस्तीफ़े की घोषणा की। उन्होंने बताया कि उन्होंने 17 अक्टूबर को ही पार्टी के जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उन्होंने अपने पोस्ट में इस्तीफ़े के कारणों का उल्लेख नहीं किया है और न ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने की बात कही है। इस बीच पार्टी ने तत्काल प्रभाव से नई नियुक्ति करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह को औरंगाबाद जिला जनता दल यूनाइटेड का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस संबंध में बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का पत्र जारी किया गया है, जिसे रफीगंज के जदयू प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह ने सार्वजनिक किया। अशोक सिंह के इस्तीफ़े के साथ ही पार्टी में असंतोष का दौर तेज हो गया है। पूर्व जदयू जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, जबकि रफीगंज प्रखंड जदयू अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने भी अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा जोरों पर है कि अशोक कुमार सिंह जल्द ही राष्ट्रीय जनता दल से जुड़ सकते हैं और संभव है कि रफीगंज से राजद के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरें। यदि ऐसा होता है तो रफीगंज सीट पर मुकाबला बेहद दिलचस्प हो सकता है। फिलहाल रफीगंज से राजद विधायक मोहम्मद नेहालुद्दीन हैं, हालांकि पार्टी ने अब तक उनके नाम की औपचारिक घोषणा नहीं की है और न उन्होंने नामांकन किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव में अशोक कुमार सिंह रफीगंज से जदयू प्रत्याशी थे, लेकिन उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा था। उस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह दूसरे स्थान पर रहे थे, जिन्हें इस बार जदयू ने आधिकारिक उम्मीदवार बनाया है। इसी निर्णय से अशोक सिंह और उनके समर्थकों में नाराजगी की चर्चा रही है। जदयू में बगावत का एक और मोर्चा नवीनगर से खुला है, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रखंड उप प्रमुख लव कुमार सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। लव कुमार सिंह नवीनगर से चेतन आनंद को उम्मीदवार बनाए जाने के फैसले का विरोध कर रहे हैं। इन घटनाक्रमों ने औरंगाबाद की राजनीति का पारा अचानक बढ़ा दिया है। जदयू के भीतर मची इस बगावत ने पार्टी की चुनावी रणनीति को झटका दिया है, जबकि विपक्षी दलों के लिए यह स्थिति नए समीकरण बनाने का अवसर बन गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय स्थित नगर भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम बिहार गीत के सामूहिक गायन से किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं उपस्थित अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। जब युवा आगे बढ़ते हैं तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त बनते हैं। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

ECINet
भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन - 2025

मतदाताओं की सुविधा के लिए विभिन्न ऐप

(भारत निर्वाचन आयोग के एकीकृत ECINET प्लेटफॉर्म पर सभी ऐप उपलब्ध हैं)

दिव्यांग (सक्षम) ऐप
सुगम्यता सुविधाएं अंतर्निहित हैं
व्हील चेयर के लिए आवेदन करें
मतदान केंद्र पर सहायता के लिए स्वयंसेवक के अनुरोध हेतु

नो योर कैन्डिडेट ऐप
(अपने अभ्यर्थी को जानें)
अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा अपने शपथ पत्र में दिए गए विवरण की जांच करें
अहर्ता, आपराधिक पूर्ववृत्त, सम्पत्ति एवं देनदारियां (यदि कोई हों)

सी-विजिल ऐप
- निर्वाचनों की घोषणा के दिन से यह ऐप सक्रिय हो जाता है
- गैरकानूनी गतिविधियों/आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करें
- मोबाइल फोन (के माध्यम) से जुड़ा रहता है

PR No.- 017119 (Election)D. 2025-26

वोट करेगा बिहार, अपनी सरकार चुनेगा बिहार

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार
कोई मतदाता न छूटे
मतदाता हेल्पलाइन नं. 1950

https://ceoelection.bihar.gov.in | Follow us on: BiharCEO CEOBihar Bihar_CEO | https://voters.eci.gov.in